

दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



मिस्ट्री गर्ल संग नजर आए शाहरुख के बेटे आर्यन



प्रीति मेरे कॅरियर का सबसे यादगार किरदार रहेगा

वर्ष : 12 अंक : 218 लखनऊ, 01 अगस्त, शनिवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## हंगामे की भेंट चढ़ा मानसून सत्र का 10वां दिन

# दोनों सदन सोमवार तक स्थगित, लोकसभा से जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन विधेयक 2026 हुआ पारित, पप्पू यादव के कृत्य पर संत समाज का फूटा गुस्सा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

संसद के मानसून सत्र के 10वें दिन विपक्ष ने दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया। विपक्ष छात्रों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर चर्चा की मांग और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जवाबदेही की मांग करता रहा। इस दौरान कई विपक्षी सांसद सदन के बीचों-बीच पहुंच गए और गृह मंत्री अमित शाह की सदन में मौजूदगी की मांग करने लगे।संसद के मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। राज्यसभा की अगली बैठक अब 3 अगस्त 2026 को सुबह 11 बजे होगी। राज्यसभा के सभापति ने सदन की कार्यवाही को अगले निर्धारित समय तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की।इस बीच लोकसभा ने जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित कर दिया।

### राहुल के खिलाफ अनुराग ने दिया विशेषाधिकार हनन नोटिस



लोकसभा में विपक्ष का हंगामा

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की ओर से लाए गए विशेषाधिकार नोटिस पर टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि वे राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लेकर आए हैं। लेकिन असल में यह प्रस्ताव केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ होना चाहिए।

### संसद परिसर में साधु के भेष में प्रदर्शन पर नया विवाद


**संत समाज ने जताई नाराजगी, उन्होंने अनुचित संदेश दिया, कार्रवाई हो**

संसद भवन के मकर द्वार पर विपक्ष के प्रदर्शन पर संत समाज ने नाराजगी जताई है। विपक्षी सांसदों ने राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। विपक्ष के प्रदर्शन पर अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री जितेंद्रानंद सरस्वती ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि पूरे संत समाज पर चोरी का आरोप लगाने जैसा संदेश अनुचित है। स्पीकर कार्रवाई करें।



### सरस्वती ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी

**साक्षी महाराज ने यादव को 'कालनेमि' बताया**



भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने भी विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस पूरा विपक्ष लगातार संतों, भगवा और सनातन का अपमान करता आया है। इन्होंने सनातन का अपमान करने की कोशिश की और कालनेमि जैसा अभिनय किया, वह निंदनीय है।

### ऐसे नेताओं का विरोध हो मुल्ला-मौलवी बनकर ऐसा कृत्य कभी किया क्या?

महंत राजू दास ने राहुल ,यादव की आलोचना की। उन्होंने संत समाज से अपील की कि ऐसे नेताओं का विरोध किया जाए। उन्होंने कहा कि क्या किसी नेता, सांसद ने मुल्ला-मौलवी बनकर ऐसा कृत्य किया। ये शरणागत हों तो 'अच्छे से' खबर लें। ये कभी मुल्ला- मौलवी बने।



## खबर संक्षेप

### साउथ की दिग्गज गायिका जमुना रानी का निधन



बेंगलुरु। दक्षिण भारतीय दिग्गज गायिका जमुना रानी का निधन हो गया है। उम्र संबंधी समस्याओं के चलते गुरुवार को उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा।अपनी सुरीली आवाज से संगीत जगत में खास पहचान बनाने वाली जमुना रानी उम्र संबंधी परेशानियों से जूझ रही थीं। उन्होंने कल गुरुवार शाम बेंगलुरु में अपने निवास पर आखिरी सांस ली।

### असम सरकार ने 2 नए आरक्षित वन को मंजूरी दी



गुवाहाटी। असम के सीएण हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने 2 नए वन को आरक्षित वन घोषित करने की शुक्रवार को मंजूरी दे दी, जिससे राज्य में संरक्षित हरित क्षेत्र बढ़ जाएगा। जैविक कचरे को स्वच्छ ऊर्जा में बदलने एक रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से 'असम कंप्रेस्ड बायोगैस नीति' को भी मंजूरी दे दी।

### गाजियाबाद में 5,000 करोड़ का घोटाला



गाजियाबाद। कवि नगर थाने में वैदिक आयुरक्योर कंपनी और एक्सिस ई-कॉर्पोरेशन के खिलाफ 5,000करोड़ के बड़े घोटाले का मामला दर्ज किया गया है। 10लोगों को नामजद किया है। इन पर निवेश के नाम पर ठगने का आरोप है। कंपनियों ने 9.000 की आईडी पर प्रतिमाह 1100 रुपए,घरेलू सामान पर 33% छूट का वादा किया था।

### मुंशी प्रेमचंद को पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को हिंदी साहित्य के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने उनकी रचनाओं को कालजयी बताते हुए कहा कि ये आज भी प्रासंगिक हैं और देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी। रचनाओं से उन्होंने संवेदनाओं को सशक्त अभिव्यक्ति दी।

### केरलम में शुरू हुई 'पिंक बस' सर्विस



नई दिल्ली। देश में महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा लंबे समय से उठाता रहा है। समय-समय पर इसे लेकर सरकारों द्वारा अहम कदम भी उठाए जा रहे है। केरल सरकार ने 23 जुलाई को तिरुवनंतपुरम में महिलाओं के लिए 'पिंक बस - लेडीज ओनली' सेवा शुरू की है। महिलाओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट को अधिक सुरक्षित, आरामदायक बनाना है।

## केंद्र सरकार ने 5 योजनाओं को दी मंजूरी, सभी वर्गों को होगा लाभ

# किसान सम्मान निधि से किसानों को मिलता रहेगा नियमित सहारा, आर्थिक स्थिति सुधरेगी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के करोड़ों किसानों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ी राहत का ऐलान किया है। केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को अगले 5 वर्षों के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी है। अब यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से लेकर 2030-31 तक लागू रहेगी। सरकार ने इस योजना के लिए 3.15 लाख करोड़ से अधिक का बजट प्रस्तावित किया है, जिससे पात्र किसानों को पहले की तरह आर्थिक सहायता मिलती रहेगी।पीएम किसान योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को हर साल 6,000 की वित्तीय सहायता दी जाती है। यह राशि 2000 रुपए की 3 समान किस्तों में सीधे किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए भेजी जाती है। किस्तों का समय फसल चक्र के अनुसार तय किया गया है, ताकि किसानों को बुवाई और खेती की तैयारी के दौरान समय पर आर्थिक मदद मिल सके। सरकार ने 5 वर्षों के लिए इस योजना पर 3,15,614 करोड़ खर्च करने का प्रस्ताव रखा है। सरकार का कहना है कि इस फैसले से किसानों को नियमित आय का सहारा मिलता रहेगा और खेती से जुड़े जरूरी खर्च पूरे करने में आसानी होगी। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने की उम्मीद है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी है।

### केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी फैसलों की जानकारी

**योजना के प्रमुख उद्देश्य**

- समुद्र में तेल और गैस की खोज व उत्पादन को नई गति देना।
- बड़े पैमाने पर उच्च गुणवत्ता वाले सीस्मिक डेटा का संग्रह, प्रोसेसिंग और विश्लेषण करना।
- गहरे और अति–गहरे पानी वाले क्षेत्रों में तेजी से ड्रिलिंग करना।
- फ्रंटियर बेसिन में वैज्ञानिक ड्रिलिंग करना।
- साझा ऑफशोर उत्पादन और परिवहन अवसंरचना का विकास करना।
- एकीकृत ऑयल एंड गैस मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विसेज जोन की स्थापना करना।

### खेती के लिए मिलेगी मदद



सरकार के अनुसार योजना की किस्तें ऐसे समय पर जारी की जाती हैं, जब किसानों को बीज, खाद, कीटनाशक और अन्य कृषि सामग्री खरीदने के लिए पैसों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। इससे किसानों की नकदी संबंधी परेशानी कम होती है और उन्हें महंगे ब्याज पर कर्ज लेने की जरूरत भी कम पड़ती है।

### छोटे किसानों को होगा सबसे ज्यादा फायदा

सरकार का कहना है कि इस योजना के अधिकांश लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान हैं। अब तक पीएम किसान योजना की 23 किस्तों के जरिए 4.47 लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। नीति आयोग के आकलन के अनुसार इस योजना से बड़ी संख्या में किसानों की आय में सुधार हुआ है और उनकी अनौपचारिक कर्ज पर निर्भरता भी घटी है। किसानों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। इससे छोटे किसानों का ज्यादा लाभ होगा।

### 5000 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर कैपेसिटी के लिए 5070 करोड़

कैबिनेट ने पीएम सूर्य सरोवर योजना के लिए 5070 करोड़ रुपए का बजट पास किया है। इसका टारगेट अगले पांच साल में 5000 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर कैपेसिटी तैयार करना है। इसमें जमीन अधिग्रहण की कोई जरूरत नहीं होगी. इससे पानी भाप बनकर कम उड़ेगा और सिंचाई के लिए ज्यादा पानी बचेगा. सरकार फ्लोटिंग सिस्टम की मैन्युफैक्चरिंग को देश में ही प्रमोट करेगी। इस बड़े प्रोजेक्ट से करीब 17000 नए रोजगार के मौके भी पैदा होंगे। साथ ही कार्बन एमिशन में भी भारी कमी देखने को मिलेगी।



### कैबिनेट ब्रीफिंग में खेल और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के लिए राशि स्वीकृत

वैष्णव ने बताया कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए भी गंभीर है। खेलो इंडिया और नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन स्कीम के लिए 36441 करोड़ मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा समुद्र मंथन प्रोजेक्ट के लिए 84084 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

### 'समुद्र मंथन' योजना को भी हरी झंडी

**84,084 करोड़ की योजना से बढ़ेगी देश की ऑफशोर ऊर्जा क्षमता**



मंत्रिमंडल ने 'समुद्र मंथन'को मंजूरी दे दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना पर वित्त वर्ष 2030-31 तक 84,084 करोड़ खर्च किए जाएंगे। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की इस योजना का उद्देश्य देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना, घरेलू तेल-गैस उत्पादन बढ़ाना और समुद्री संसाधनों का अधिकतम दोहन करना है। डिजिटल प्रबंधन, क्षमता निर्माण भी बढ़ेगी।

## कावेरी विवाद गहराया

# कई कन्नड़ समर्थक संगठनों का 13 को कर्नाटक बंद का आह्वान

तमिलनाडु के लिए 15 दिन तक प्रतिदिन 3,500 क्यूसेक पानी छोड़ें



वताल नागराज

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कन्नड़ समर्थक संगठनों ने शुक्रवार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) के उस निर्देश के विरोध में 13 अगस्त को पूरे कर्नाटक में बंद का आह्वान किया, जिसमें राज्य को तमिलनाडु के लिए 15 दिनों तक प्रतिदिन 3,500 क्यूसेक पानी छोड़ने को कहा गया है। तमिलनाडु के लिए कावेरी का पानी छोड़े जाने के विरोध में रणनीति तय करने के उद्देश्य से बेंगलुरु में कन्नड़ समर्थक कार्यकर्ता वताल नागराज के नेतृत्व में विभिन्न कन्नड़ समर्थक संगठनों की बैठक के बाद यह घोषणा की गई। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक 'कर्नाटक बंद' रखा जाएगा। आम जनता सहयोग और समर्थन दे।

### सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में तमिलनाडु सरकार

तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच कावेरी नदी के पानी को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद एक बार फिर गहरा गया है। तमिलनाडु सरकार ने साफ कर दिया है कि वह अपने हिस्से का पानी पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करेगी। राज्य के कानून मंत्री आर. निर्मल कुमार ने शुक्रवार को कहा कि कर्नाटक की ओर से पानी छोड़ने से इनकार किए जाने के बाद अब कानूनी रास्ता अपनाया जाएगा। कानून मंत्री ने कहा कि तमिलनाडु को कानून के अनुसार जितना पानी मिलना चाहिए, वह हर हाल में मिलना चाहिए। सीडब्ल्यूएमए के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है, इसलिए सरकार सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेगी।

### सियासी लाभ के लिए आदेश का इस्तेमाल हो रहा

नागराज ने राजनीतिक दलों पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे अपने राजनीतिक लाभ के लिए कावेरी जल आदेश का इस्तेमाल कर रहे हैं। विभिन्न संगठनों ने तमिलनाडु को कावेरी जल छोड़े जाने का विरोध करते हुए दलील दी है कि कर्नाटक खुद जल संकट का सामना कर रहा है और ऐसे में पानी छोड़ने से राज्य के किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।प्राधिकरण ने तमिलनाडु को रोजाना 15 दिन तक 3,500 क्यूसेक पानी देने की कावेरी जल विनियमन समिति की सिफारिश को बरकरार रखा है।

## कांवड़ यात्रा



हरिद्वार। शुक्रवार को हरिद्वार में 'सावन' के पवित्र महीने के दौरान 'कांवड़िए' गंगाजल ले जाते हुए।

### कांवड़ यात्रा के दौरान हादसा

**गंगनहर में डूबने से चंडीगढ़ के 4 कांवड़ियों की मौत**

हरिद्वार। कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार बड़ा हादसा हो गया। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र जटवाड़ा पुल के पास शुक्रवार शाम गंगनहर में नहाते समय चार कांवड़ यात्री डूब गए। हादसे में चारों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद चारों युवकों के शव गंगनहर से बरामद कर लिए गए।



## पीएम मोदी आज आंध्र प्रदेश और कर्नाटक जाएंगे

# कई विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन भोगपुरम में हवाई अड्डे को करेंगे देश को समर्पित

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की यात्रा पर जाएंगे। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के भोगपुरम में 17,900 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला और उनका उद्घाटन करेंगे। भोगपुरम में अत्याधुनिक अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री अल्लूरी सीताराम राजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के यात्री टर्मिनल भवन का निरीक्षण व उद्घाटन करेंगे और भोगपुरम में 17,900 करोड़ की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे सभा को संबोधित भी करेंगे।



### 5,640 करोड़ से बनाया गया ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा

सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के अंतर्गत 5,640 करोड़ से अधिक की लागत से विकसित इस ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे को प्रति वर्ष 60 लाख यात्रियों को संभालने के लिए तैयार किया गया है। यात्री टर्मिनल भवन को भी आधुनिक, सुगम और कुशल यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## सीजेपी के प्रदर्शन व हिंसा में घायल पुलिसकर्मियों के परिजनों ने सुनाई आप बीती

# पापा के सिर पर 5 टांके थे और यूनिफार्म खून से लाल थी

## घायल एसीपी की पत्नी ने बेहद दर्दनाक, सदमे वाली करतूत बताया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली में प्रदर्शन और 'संसद चलो' के दौरान हिंसा में घायल पुलिसकर्मियों के परिजनों ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर आपबीती सुनाई। घायल दिल्ली पुलिस एसीपी की पत्नी ने कहा कि 20 जुलाई की देर रात जब वे घायल हालत में घर लौटे, तो वह पल मेरे और मेरी दो साल की बेटी, दोनों के लिए बेहद दर्दनाक और सदमे वाला था। मेरे साथ दिल्ली पुलिस के परिवार के अन्य सदस्य भी हैं।



### शरारती तत्वों ने पत्थर-हथियारों से हमला किया

एएसआई की पत्नी सीमा ने बताया कि मैंने 20 जुलाई शाम 7 बजे पति को कॉल मिलाया तो वो अस्पताल में थे और इलाज करा रहे थे। उन्होंने बताया कि भीड़ में शरारती तत्व एक्टिव हो गए थे। उन्होंने पत्थर और हथियारों से पुलिस बल को घायल कर दिया था। फिर उनका फोन बंद हो गया। मुझे डर लग रहा था।

### पिता को 5 टांके लगे मीडिया में उन्हें ही क्रिमिनल बताया गया

एक पुलिस जवान की बेटी गुंजन ने बताया कि मेरे पिता फ्रंटलाइन में थे। जब वो घर आते थे, तो कहते थे कि ये अब स्टूडेंट प्रोटेस्ट नहीं रहा, इसमें गलत लोग जुड़ गए हैं। मेरे पिता के साथी उन्हें रात 10 बजे घर लेकर आए। उनके सिर पर पांच टांके थे।

### प्रोटेस्ट में स्टूडेंट नहीं, गुंडे भी थे...

झड़प में घायल हुए दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के परिजन ने कहा,यह छात्रों का विरोध-प्रदर्शन नहीं था, बल्कि, इसमे कुछ शरारती तत्त्व शामिल थे जिन्होंने प्रदर्शन को खराब करने और बदनाम करने की कोशिश की। इन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए। प्रोटेस्ट में स्टूडेंट नहीं, गुंडे भी थे।

### विरोध-प्रदर्शन के दौरान रुचिका पर एफआईआर

प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी करने वाली रुचिका सिंह पर शिकायत के आधार पर 29 जुलाई को गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) के एक्सप्रेसवे थाने में जीरो एफआईआर दर्ज की गई।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस के सवाल पर बोले

**आप भाजपा के हो क्या? राहुल**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पुलिस के घायल जवानों के परिजनों की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर सवाल पूछा गया। राहुल ने जवाब दिया- आप भाजपा के हो क्या? उन्होंने कहा था प्रदर्शन के दौरान कथित बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच हो।

### भाजपा बोली

**पुलिसकर्मियों पर हमले संवेदनशील होना चाहिए**



रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह फैक्ट है कि पुलिसकर्मियों पर हमला हुआ है वो घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमें इस मुद्दे को लेकर संवेदनशील होना चाहिए। उनके भी परिवार हैं।

**राहुल देश को भड़काना चाह रहेः जगदंबिका**



भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं को भड़काना चाहते हैं।

## संक्षेप

### बेखौफ चोरों ने महिला की एक्टिवा स्कूटी किया पार, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र से एक महिला की एक्टिवा स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में बंथरा में रहने वाली महिला हिना ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हिना के मुताबिक वह सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर में काम करती है। हिना का कहना है कि उनकी एक्टिवा स्कूटी (यूपी32 आरएम 9741) आफिस के पास खड़ी थी, जहां से अज्ञात चोर उसे लेकर फरार हो गया। हिना का कहना है कि स्कूटी की डिग्गी में रखा उसका मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज भी चोरी हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के सहारे स्कूटी चुराने वाले का पता लगाने में जुट गई है।

### चोरों ने किसान की तीन बकरियां किया चोरी, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते दिनों एक किसान की तीन बकरियां चोरी हो गई। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर के औरंगाबाद स्थित राधे विहार कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार के मुताबिक उसने अपने घर पर कुछ बकरियां पाल रखी थीं। दिनेश का कहना है कि 23 जुलाई 2026 की शाम करीब 5:30 बजे वह अपनी अण्डे की दुकान लगाने में व्यस्त थे, जबकि बकरियां घर के पास ही बंधी थीं। इसी दौरान अज्ञात चोर उनकी तीन बकरियां चोरी कर ले गए। आसपास जानकारी करने पर पता चला कि कुछ लोग बकरियों को एक स्विफ्ट डिजायर कार में लादकर मौके से फरार हो गए। यह जानकारी होते ही पीड़ित ने बिजनौर थाने में इसकी तहरीर दी। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है।

## बोल्ट बनाने वाली कंपनी में बीती रात लगी आग

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर के अमौसी औद्योगिक क्षेत्र स्थित नट बोल्ट बनाने वाली कंपनी में बीती रात संदिग्ध हालत में आग लग गई। सूचना पाकर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कुछ देर में ही आग पर काबू पा लिया। पुलिस के मुताबिक सरोजनी नगर के अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में एसआईएल एन्सिलरी स्टेट स्थित अभिषेक केडिया की संदीप इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन नाम से नट बोल्ट बनाने की कंपनी है। इस कंपनी में गुरुवार रात अचानक तेज धुएं के साथ आग की लपटें उठने लगी। कंपनी के सुरक्षा गार्ड ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली, बल्कि वहाँ रखी जूट की बोरियों सहित अन्य पैकिंग सामग्री में आग फैलती चली गई। इसके बाद सुरक्षा गार्ड ने आनन-फानन इसकी सूचना फायर कंट्रोलरूम को दी। सूचना के बाद सरोजनी नगर एफएसओ सुमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में पहुंची दो दमकल गाड़ियों ने कुछ देर में ही आग पर काबू पर लिया।

## स्वर्गीय हीरालाल यादव की 31वीं पुण्यतिथि को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर के गौरी-बिजनौर रोड स्थित यदुनगर में शुक्रवार को समाजवादी आंदोलन के अग्रणी नेता, पूर्व विधान परिषद सदस्य (एमएलसी), समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल और किसानों व श्रमिकों की आवाज रहे स्वर्गीय हीरालाल यादव की 31वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। उनके समाधि स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की सभी शिक्षण संस्थाओं–हीरालाल यादव बालिका पीजी कॉलेज, हीरालाल यादव लॉ कॉलेज, हीरालाल यादव बालिका इंटर कॉलेज और हीरालाल यादव पब्लिक स्कूल में भी श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। जहाँ शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने बाबूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने तथा समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। समाधि स्थल पर एनसीसी कैडेट्स ने आकर्षक गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया और पुष्पचक्र अर्पित कर राष्ट्र एवं समाज के प्रति स्व. हीरालाल यादव के योगदान को याद किया। वहीं, हीरालाल यादव बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित कर सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने पहुंचकर स्व. हीरालाल यादव की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके संघर्षपूर्ण जीवन, समाजवादी विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा किसानों, मजदूरों और आमजन के हित में किए गए कार्यों को विस्तार से याद करते हुए नई पीढ़ी से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस श्रद्धांजलि समारोह में पूर्व विधायक व सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्याम किशोर यादव, सेवा संस्थान के सचिव सहदेव सिंह, हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के अध्यक्ष राम सिंह यादव, प्रबंध निदेशक इं. अनुराग यादव, पूर्व विधायक उदयराज, पूर्व विधायक अम्बरीष पुष्कर, पूर्व विधान परिषद सदस्य कान्ती सिंह और सपा जिलाध्यक्ष जयसिंह जयन्त सहित तमाम अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे एवं प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया।

## राम मन्दिर में चढ़ावा चोरी को लेकर संसद भवन में हुआ विरोध प्रदर्शन




अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। त्रेता युग में रावण ने साधू का भेष धारण कर माँ सीता का हरण कर ले गया था, कलयुग में बीजेपी ने भी अयोध्या जी में प्रभु श्री राम मंदिर का दान लूट लिया। विपक्षी दल के सांसदों ने संसद भवन के प्रांगण में दान पात्र रखकर अपना विरोध प्रकट किया, बिहार से सांसद पप्पू यादव ने भगवा वस्त्र पहन कर एक दान पात्र लेकर संसद भवन के प्रांगण में बैठ गए जिसमें विपक्षी दलों के सांसदों ने प्रतीकात्मक रूप से दान पात्र में दान डालते हुए देखे गये उसके बाद सांसद पप्पू यादव उस दान को छुपाते हुए देखे गए। सपा सांसद आनंद भदौरिया, अवधेश प्रसाद, धर्मेन्द्र यादव सहित कई सांसद गण उपस्थित रहे।

## तेलीबाग में नगर निगम का अतिक्रमण पर बड़ा एक्शन, अवैध मीट-मुर्गा दुकानें हटाईं, सामान जब्त

**तेलीबाग चौराहे से सेक्टर-5 तक चला अभियान, दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। तेलीबाग में शनिवार को नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए सड़क किनारे संचालित अवैध मीट व मुर्गा दुकानों को हटवा दिया। जोन-8 के जोनल अधिकारी आशीष सिंह के नेतृत्व में कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक, प्रवर्तन दल-296 और पुलिस की संयुक्त टीम ने तेलीबाग चौराहे से सेक्टर-5 तक कार्रवाई की। अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से संचालित दुकानों से पांच मुर्गा जालियां, चार चापड़, चार छुरियां, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा समेत अन्य सामान जब्त किया गया। नगर निगम ने संबंधित लोगों को दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं, तेलीबाग आदर्श व्यापार मंडल की शिकायत पर नगर निगम ने क्षेत्र में दूसरी बार भी अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। महापौर को दिए गए प्रार्थना पत्र के बाद जावित्री नर्सिंग होम से पुलिस चौकी तक सड़क और फुटपाथ पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। इस कार्रवाई में तीन लोहे के स्टैंड, एक चारपाई, एक बेंच, एक प्लाई फोल्डिंग, दो प्लास्टिक कुर्सियां और दो लोहे की मेजें जब्त की गईं। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक मार्गों पर दोबारा अतिक्रमण मिला तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का कहना है कि शहर की सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार


अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने बीते दिनों नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने वाले आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक मूल रूप सेउन्नाव जिले के एक गांव निवासी महिला परिवार सहित बिजनौर थाना क्षेत्र स्थित एक मकान में किराए पर रहती है। महिला ने 27 जुलाई को बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 जुलाई को उसकी 15 वर्षीय बेटी घर से टहलने निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पुलिस का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश के लिए दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। इसके बाद उसकी तलाश की जा रही थी, तभी 29 जुलाई को किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया। उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि फरुर्खाबाद जिले के नवाबगंज थाना अंतर्गत बदकनी काकोली निवासी गोविंद (21) पुत्र वीरपाल उसे बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया था और उसने उसके साथ दुष्कर्म भी किया। यह जानकारी होने पर पुलिस ने किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ मामले में दुष्कर्म और पाक्सो की धारा बढ़ाते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इसी बीच 31 जुलाई शुक्रवार को आरोपी गोविंद चंद्रावल नहर पुलिया पर सड़क किनारे पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी गोविन्द ने बताया कि यहाँ उसकी रिश्तेदारी होने के कारण वह अक्सर आता जाता रहता था। तभी रिश्तेदारी के बगल में रहने वाली किशोरी से दो वर्ष पहले उसकी जान-पहचान हो गई। उसने बताया कि वह उससे शादी करना चाहता था, इसीलिए 26 जुलाई को पूर्व योजना के तहत उसे बहला फुसला कर अपने साथ फरुर्खाबाद ले गया। जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म की घटना अंजाम दी। बाद में जब रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी मिली तो किशोरी को चंद्रावल के पास एक आम के बाग में छोड़ कर वापस चला गया। शुक्रवार को यहाँ किशोरी से मिलने आया तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

## रहीमाबाद में दो सड़क हादसे, चार गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती

अमन लेखनी समाचार



अस्पताल में भर्ती युवक – फोटो

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर को अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों मामलों में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पहला हादसा रहीमाबाद बड़े चौराहे के पास देना बैंक के निकट हुआ। बाकी नगर निवासी विकास अपने साथी रवि के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बोलेरो और बाइक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी घटना रहीमाबाद बाजार रोड स्थित बाकी नगर मोड़ के पास हुई। तिलकखेड़ा निवासी उत्तम अपने साथी राजेश के साथ ई-रिक्शा लोडर से भाड़ा छोड़कर वापस घर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रही एक स्कूली वैन ने लोडर में टक्कर मार दी। हादसे में उत्तम और राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल भेजा। हादसे के समय स्कूली वैन में कोई बच्चा सवार नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। वैन चालक रंजीत निवासी गोजिहार-जौरिया को भी मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## अपराधियों में नहीं रहा पुलिस का भय, स्कॉर्पियो सवार दबंगों ने युवक पर किया कातिलाना हमला

**कील जड़ित लाठियों और लोहे की राड से तोड़े हाथ पैर**

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र की एल्डिको कालोनी में गुरुवार की देर रात स्कार्पियो सवार दबंगों ने हड़कंप मचा दिया। पुरानी रंजिश को लेकर आए दबंगों ने युवक पर कातिलाना हमला बोल दिया। लोहे की राड और कील जड़ी लाठियों से पीट पीट कर दबंगों ने युवक को लहूलुहान कर दिया और हाथ पैर की हड्डियां तोड़ डाली। मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित विपिन सिंह फतेहपुर जिले के लालौली थाना क्षेत्र के ग्रामकोर्रा कनक के निवासी हैं। वर्तमान में वो एल्डिको कालोनी के बलिया हाउस में रहते हैं और वहीं नौकरी भी करते हैं। विपिन के अनुसार रात करीब 10:30 बजे वह अपने घर के बाहर रिश्तेदारों और परिचितों के साथ बैठे थे। इसी दौरान स्कॉर्पियो से पहुंचे आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लोहे के रॉड और कीललगे डंडों से ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिये, अचानक हुए हमले से विपिन को संभलने का मौका तक नहीं मिला। शोरशराबे से इकट्ठा होते लोगों को देख हमलावर विपिन को घायल अवस्था में छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बिपिन के साथियों ने उन्हें तत्काल पीजीआई ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां गंभीर अवस्था में उनका उपचार किया जा रहा है। पीड़ित विपिन सिंह की तहरीर के आधार पर पीजीआई पुलिस ने छह नामजद आरोपियों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## किशोर चतुर्वेदी के भजनों से झूमा कलामंडपम प्रेक्षागृह

**भातखंडे : गुरु सम्मान समारोह में 22 गुरुजनों का हुआ सम्मान**

अमन लेखनी समाचार







**लखनऊ।** भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन एवं भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पद्म भूषण डॉ. एस.एन. रतनजंकर स्मृति गुरु सम्मान समारोह-2026 का आयोजन शुक्रवार को कलामंडपम प्रेक्षागृह, कैसरबाग में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण सुप्रसिद्ध सुरसाधक किशोर चतुर्वेदी की भजन प्रवाह प्रस्तुति रही। उन्होंने अपनी सुमधुर एवं भावपूर्ण गायकी से हे री सखी मंगल गौरी, राम नाम सुखदाई, अच्युतम्केशवम्-कृष्ण दामोदरम्तथा सावन के अवसर पर आधारित एक मेघ मल्हार गीत प्रस्तुत कर सम्पूर्ण प्रेक्षागृह को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति पर श्रोतागण भाव-विभोर हो उठे तथा पूरा सभागार देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। इसके उपरांत विदुषी रेनु शर्मा के निर्देशन में पुष्प वाटिका प्रसंग पर आधारित समूह कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कलाकारों की भावाभिव्यक्ति, लयबद्धता एवं आकर्षक मंच-सज्जा ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। समारोह के दौरान संगीत एवं कला जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 22 गुरुजनों को भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन की ओर से सम्मानित किया गया जिसमें कृष्ण कुमार मिश्र सारंगी, शीतलप्रसाद मिश्र तबला, रामेश्वर प्रसाद मिश्र गायन, धर्मनाथ मिश्र प्रवक्ता गायन, राम चन्द्र भट्ट, होली राम, रवि नाथ मिश्र, पंकज कुमार चौधरी, रवि राज शंकर, डॉ बीना सिंह, सुरेश प्रसाद मिश्र, प्रमोद कुमार मिश्र, डॉ मीरा दीक्षित, डॉ सीमा भारद्वाज, अरुण कुमार भट्ट, डॉ रंजना द्विवेदी, डॉ कमलेश कुमार दुबे।

इस अवसर पर उपस्थित सभी गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके अमूल्य योगदान को नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यक्रम की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संगीत, नृत्य एवं गुरु-शिष्य परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. राजेश सिंह (प्रमुख सचिव, विधान परिषद, उत्तर प्रदेश) तथा विशिष्ट अतिथि राजेश जायसवाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि, कलाकार, संगीत प्रेमी एवं श्रोतागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन पूनम श्रीवास्तव ने किया और एवं आयोजन भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा भारद्वाज एवं सचिव गिरीश चन्द्र बहुगुणा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

## युवती से छेड़छाड़ का आरोप, पूर्व हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ तहरीर

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मलिहाबाद कस्बे की एक युवती ने कस्बे के पूर्व हिस्ट्रीशीटर पर छेड़छाड़, रास्ता रोकने और जबरन हाथ पकड़कर घसीटने का आरोप लगाते हुए मलिहाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश की जा रही है। पीड़िता के अनुसार वह माली का कार्य करती है। बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े छह बजे काम खत्म कर घर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में पहले से मौजूद कस्बे के रहने वाले एक युवक, जो पूर्व में थाने का हिस्ट्रीशीटर रह चुका है, ने अपने कुछ साथियों के साथ उसका रास्ता रोक लिया। युवती का आरोप है कि आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर जबरन घसीटने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों के आने की आहट पाकर आरोपी गाली-गलौज करते हुए मौके से फरार हो गया। युवती का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मलिहाबाद थाने में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह कुछ मामलों में जमानत पर बाहर है। शिकायत के बावजूद घटना में आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर उसने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है, और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पशुओं के प्रति मानव के व्यवहार को दर्शाती 'दो बैलों की कथा'

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से रंगयात्रा, लखनऊ द्वारा मुंशी प्रेमचंद जी कि जयंती के अवसर पर आपकी लिखी कहानी दो बैलो की कथा का मंचन अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संसथान में सायं काल किया गया इस कहानी का नाट्य निरूपण, परिकल्पना एवं निर्देशन ज्ञानेश्वर मिश्र ज्ञानी का था। यह कहानी सांकेतिक भाषा में यह संदेश देती है कि चाहे इंसान हो या कोई भी प्राणी, आजादी उसके लिए बहुत जरूरी है। आजादी हासिल करने के लिए अगर लड़ना भी पड़े तो बिना झिझक लड़ना चाहिए। स्वतंत्रता हर किसी का जन्मसिद्ध अधिकार है और इसे बरकरार रखना हर किसी का कर्तव्य है।

कहानी दो बैल हीरा और मोती की है जिनको झूरी ने बड़े ही प्यार से पाला था। एक बार किसी कारणवश झूरी को उन बैलों को अपने ससुराल में साले गया के पास छोड़ना पड़ता है। लेकिन हीरा और मोती को लगता है कि उनके मालिक ने उन्हें गया को बेच दिया है, इसलिए वे जल्दी से उसके चंगुल से छूट के अपने घर जाना चाहते थे। रात को जब गया उन्हें चारा देके सो जाता है तब वें दोनों रस्सी तोड़ के झूरी के पास आ जाते है। उन्हें देख के झूरी बहुत खुश होता है लेकिन उसकी पत्नी को बहुत गुस्सा आता है और वह उन्हें कामचोर समझती है। वह उन दोनों बैलों को पुनः गया के हवाले कर देती है। दूसरी बार जब गया उन्हें फिर ले के जाता है तो उनपर अति क्रोधित होने के कारण उन्हें बहुत सताने लगता है। उन्हें खाना - पीना देना बंद कर देता है और जो कुछ देता भी था उसे वह न तो ढंग से खाते और न ही हल चलाते थे। गया अपने बैलों को अच्छे चारे डालता और हीरा मोती को सिर्फ भूसी खाने को दे देता था। उस घर में एक छोटी बच्ची जो उन्हें कुछ रोटियां खिलाती थी, एक रात उनको खोल देती है ताकि वो दोनो उस कैद से भाग जाएं। रस्ते में उनकी मुलाकात सांड से होती है वे दोनों उसको मिलकर हारते है और आगे बढ़ते हैं। वे दोनों काफी देर दौड़ने के बाद एक अनजान जगह पहुंच जाते है और वहां मटर के खेत में हरे भरे मटर खाने लगते है। उतने में कुछ लोग उन्हें घेर लेते है और काँजीहौस में कैद कर देते है। काफी दिन वहां भी अनेकों यातनाओं को सहने के बाद उनको एक कसाई के हाथों बेच दिया जाता है। उसके साथ चलते-चलते जब वे अपने घर के रास्ते को पहचान लेते है तो वो दौड़ते हुए झूरी के पास पहुंचते है और झूरी की पत्नी भी उन्हें प्यार से चूम लेती हैं। गया को भी अपनी गलती का पछतावा होता है। मंच योगेन्द्र पाल, मुकुल कुमार गुरुदत्त पांडेय, अनिल कुमार, मनोज वर्मा, अजहर जमाल, अभिषेक कुमार, डॉ मधु प्रकाश श्रीवास्तव, रीमा वर्मा, निरुपमा गुप्ता, लता बाजपेयी, अंशिका सक्सेना, सुरुचि सक्सेना ने सशक्त अभिनय किया।

## नौटंकी में जीवंत हुई अमर सिंह राठौर की गाथा

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** नीलाक्षी लोक कला कल्याण समिति द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से बुधवार को गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में पारंपरिक नौटंकी अमर सिंह राठौर का प्रभावशाली मंचन किया गया। लोकनाट्य, संगीत और अभिनय से सजी इस प्रस्तुति ने नौटंकी की समृद्ध परंपरा और लोकस्मृति को सजीव रूप में दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुमाऊँ कोकिला विमल पंत, राज्य ललित कला अकादमी के पूर्व सभापति सीताराम कश्यप, डॉ. स्मिता मिश्रा, भूपेन्द्र अस्थाना, डॉ. कुसुम वर्मा एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रस्तुति में रंगा की भूमिका मोहम्मद सलीम (शहजादा), शेख सलावत खान की भूमिका सलमान, अमर सिंह की भूमिका राम नरेश, नरसह बाज पठान की भूमिका सहवान, हाथी शनी की भूमिका श्यामा सता, राम सिंह की भूमिका राम सरन, अर्जुन गौड़ की भूमिका अर्जुन, नवी रसूल की भूमिका मोहम्मद सुहैल, बेगम की भूमिका किरन तथा दरवारी की भूमिका कलीम ने निभाई। संगीत में हारमोनियम पर राम चंद्र, नक्कारा पर सतनाम तथा ढोलक पर गुलाम वारिश ने संगत दी। वेशभूषा राम सिंह तथा मुख सज्जा विनीता यादव ने की। इस अवसर पर अवधी विद्वान डॉ. राम बहादुर मिसिर, प्रदीप मित्रा, मधुलिका श्रीवास्तव, जीतेश श्रीवास्तव, मनीषा श्रीवास्तव, पावक नारायण, प्रतीक नारायण, डा.एस.के. गोपाल, लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव डा. सुधा द्विवेदी, अर्चना गुप्ता सहित साहित्यकार, कलाकार, संस्कृति प्रेमी एवं दर्शक उपस्थित रहे। आयोजक संस्था की अध्यक्ष नीलम वर्मा एवं राजनारायण ने अतिथियों का स्वागत तथा कलाकारों को स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा ने किया।

## संक्षेप

### नित्यक्रिया को निकली महिला को दो युवकों ने बुरी नियत से दबोचा

सुमेरपुर, उन्नाव। बारसगवर थाने के अंतर्गत नित्यक्रिया के लिए निकली महिला को दो लोगो ने गलत नियत के इरादे से पकड़ लिया ।किसी तरह जान बचा भागी महिला द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है ।थाना क्षेत्र के एक गाँव से महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार शाम 8 बजे वह नित्यक्रिया के लिये जंगल की तरफ गयी थी वही रास्ते में जब वापस आ रही थी मानू यादव साथ में 1 अज्ञात व्यक्ति थे दोनों लोगों ने पकड़ कर हमको जमीन पर गिरा दिया तथा वही पर हमारा मोबाइल गिर गया और दोनों लोग गलत नियत से हमारे शरीर में अभद्रता करने लगे विरोध करने पर लात व घूसों से काफी मारा पीटा जिससे उसकी आँख में काफी चोट आयी है व अंगुली दांतो से काट लिया हम किसी तरह वहां से जान बचा भाग निकले। थानाध्यक्ष धर्मेंद नाथ मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### लेखपाल पर धन उगाही का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के गढ़ेवा गांव निवासी राकेश रावत ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसका लड़का बारह जून को गंगा में डूब गया था इस मामले में लेखपाल आनंद सिंह द्वारा पचास हजार रुपये की माँग की गयी है जिसमे पच्चीस हजार दे दिया है। वही दूसरी तरफ जहूर पुत्र नजर ने आरोप लगाया उसकी जमीन को भूमिधरी करवाने के नाम पर लेखपाल द्वारा पाँच हजार रुपयों की मांग की गई। तीसरे अन्य असीम ने आरोप लगाया नाम दूरस्तीकरन हेतु उससे लेखपाल द्वारा दस हजार रुपयों की मांग की गई। इस कार्य मे लेखपाल सहायक अर्जुन बाजपेयी भी शामिल है ।इस बावत जब लेखपाल आनंद सिंह से बात की गई उन्होंने बताया ये सारी बाते बेबुनियाद है। ग्राम प्रधान द्वारा अपने चहेते को अवैध जमीन में कब्जा करवाया जा रहा था जिसको मेरे द्वारा रुकवा दिया गया । इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधान के अब प्रशाशक बनने के बाद भी मनमाने तरीके से पट्टे किये जा रहे है ।इस संबंध में उपजिलाधिकारी आंनद नायक ने बताया नायब तहसीलदार को मामले की जांच सौंपी गई है। जांच उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### भैंस के विवाद को लेकर दबंगो ने की मारपीट

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के छेदाखेड़ा मजरे सराय मनिहार गाँव भैस के तालाब में जाने को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को जमकर पीट दिया ।पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया छेदाखेड़ा निवासी आशा देवी ने तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को उनकी भैस गाँव के ही सार्वजनिक तालाब में चली गयी थी। इसी बात को लेकर तीरथ, संजू लोधी, अशोक लोधी, जयराम ,विजय निवासी छेदाखेड़ा ने लाठी डंडों से हम लोगो पर हमला बोल दिया जिससेचंद्रशेखर, प्रिया देवी, रामफेर ,आशा आदि को गंभीर चोटें आई उन सभी लोगो ने जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा

# जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर जताई नाराजगी, सीएचओ और आशा को किया बर्खास्त

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में 31 जुलाई 2026 को विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई।

बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन, संचारी रोग नियंत्रण, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड और आशा संगिनी के भुगतान सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षा में सामने आया कि सीएचओ शिवांगी सिंह उपकेंद्र धूरकेत ब्लॉक बिछिया और आशा शैल सिंह उपकेंद्र डीह ब्लॉक बिछिया पिछले कई महीनों से बिना सूचना के अनुपस्थित हैं और कई बार चेतावनी के बाद भी कार्य पर नहीं आ रही हैं।




इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए दोनों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने के निर्देश दिए।

इसी तरह नवाबगंज और हसनगंज के एमओआईसी क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के सभी इंडिकेटरों पर खराब प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि सुधार न होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि छूटे हुए पात्र लोगों का अभियान चलाकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाएं और कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे। आशा और आशा संगिनी का वेतन हर हाल में 10 तारीख तक भुगतान सुनिश्चित किया जाए। एंबुलेंस का रिस्पांस टाइम बेहतर किया जाए। उन्होंने कहा कि आशा संगिनी पर कड़ी नजर रखी जाए और किसी भी स्थिति में प्राइवेट में डिलीवरी न हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी इसकी गहन जांच करें क्योंकि यह गंभीर मामला है। सरकारी अस्पतालों में शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किए जाएं।

जननी सुरक्षा योजना के तहत कोई भी भुगतान लंबित न रहे। प्राथमिकता के आधार पर भुगतान किया जाए। सीएम डैशबोर्ड पर रैंक खराब होने पर कठोर कार्रवाई होगी। संचारी रोग अभियान के तहत खांसी, जुकाम, मलेरिया, हैजा और टाइफाइड का घर-घर जाकर सत्यापन कर प्राथमिकता से उपचार कराया जाए। टीडी और डीपीटी टीकाकरण में छूटे हुए बच्चों का टीका प्राथमिकता से लगवाया जाए, कोई बच्चा वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने सभी राजकीय चिकित्सालयों और स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को बेहतर सुविधा, दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सकों व कर्मचारियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता से मिले। जो अधिकारी और कर्मचारी लापरवाही कर रहे हैं उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुवेर्दी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जे आर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। ब्लॉक सभागार में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया सर्वप्रथम मुख्य अतिथि व अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि बंबा लाल दिवाकर विधायक सफीपुर के द्वारा सभी शिक्षकों से कहा गया कि वह छात्र /छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें विदाई व स्वागत समारोह में खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिता शाह के विदाई समारोह एवं नवनियुक्त खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीन्द्र कुमार के स्वागत समारोह में सम्मिलित होकर उन्हें शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की। अनिता शाह के उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामनाएँ करता हूँ तथा मनीन्द्र कुमार को नई जिम्मेदारी के सफल एवं प्रेरणादायी निर्वहन हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ। विश्वास है कि आपके नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे ।शिक्षा ही समाज की



प्रगति का सबसे सशक्त आधार है।

खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने कहा की स्थानांतरण और नियुक्ति सरकारी नौकरी की प्रक्रिया है आप दोनों को नए कार्यकाल की हार्दिक शुभकामनाएं पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह ने कहा शैक्षिक कार्यक्रमों व शिक्षा के क्षेत्र में आपके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आप सभी का हार्दिक आभार खंड शिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार ने कहा हमें आशा है कि समस्त शैक्षिक कार्यक्रमों में आप सभी के सहयोग से जनपद में ब्लॉक अग्रणी रहेगा इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार सहायक विकास अधिकारी पंचायत छोटेलाल सत्य प्रकाश द्विवेदी उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ आशुतोष श्रीवास्तव नरेंद्र मौर्य संजय सिंह चौहान सूरज गुप्ता इमरान अली खां तौसीफ अली खां राजवीर यादव रामनरेश गौड़ धर्मेंद्र सिंह देवेंद्र कुशवाहा अवनींद्र गौड़ मेराज आलम कृष्ण गोपाल गौतम बलवीर सिंह रितु त्रिवेदी पीयूष त्रिवेदी रविकेश कुलदीप शर्मा स्मिता त्रिपाठी संध्या कुशवाहा रिचा द्विवेदी रेखा गुप्ता आंचल दीक्षित अमित तिवारी रतन शुक्ला प्रदीप शुक्ला राघवेंद्र सिंह देवेंद्र कुशवाहा धर्मेंद्र सिंह अनिल कनौजिया चंद्रशेखर सुधीर शुक्ला प्रियंका शर्मा रिचा सचान अरविंद कुमार अवधेश कुमार कमलेश कुमार रजनी लता मेराज खां आरती सोलंकी आशीष पांडे जया भारती प्रीति रेशमा नकवी रिचा द्विवेदी कंचन यादव मालती सिंह रेखा कुशवाहा किरण वर्मा रेखा गुप्ता अमरेंद्र यादव राजवीर यादव आशीष गुप्ता सहित सभी प्रधान शिक्षक उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ तिवारी ने किया

# श्री रामलला श्रवण कुमार तीर्थयात्रा अनवरत जारी ने झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। ब्लॉक की ग्राम पंचायत आकमपुर, सीरियापुर के श्रद्धालुओ को पुष्प फाउनडेशन के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने श्री रामलला श्रवण कुमार तीर्थयात्रा बस को आकमपुर चौराहे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं में भगवान राम के दर्शन की उत्सुकता व भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालुओं ने जय जय श्री राम के नारे से वातावरण राममय कर दिया। सभी श्रद्धालुओं को जनसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने माला पहनाकर, अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर धीरेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह बाबा, इकबाल सिंह, मानवेन्द्र सिंह,



अमित सिंह, अटल कुमार तिवारी, मिलन तिवारी, विकास सिंह, संदीप यादव, महेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, आशू, अमन, सौरभ सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत तहसीदार का विदाई समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर मे कार्यरत तहसीलदार गणेश सिंह की सेवा निवृत्ति बड़े ही भावभीनी के साथ मनाई गई । तहसील के सभागार मे शुक्रवार को आयोजित सेवानिवृत्त कार्यक्रम में तहसीलदार गणेश सिंह को नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव एवं अविनाश मिश्रा ने भावभीनी विदाई दी गई । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री रंजन ने कहा कि तहसीलदार के रुप मे गणेश सिंह का कार्यकाल सराहनीय रहा है ।सेवाकाल में सेवानिवृत्त सतत प्रक्रिया है ।तहसीलदार गणेश सिंह ने कहा कि सेवाकाल मे आप सब जो सहयोग रहा है वह अविस्मरणीय रहा है । सेवानिवृत्त के बाद भी कर्मचारी को समाज से जुड कर लोगों के मिल कर कार्य करना चाहिए । जिससे आपकी पहचान समाज व क्षेत्र मे बनी रहे ।इस मौके पर उन्हे अंग वस्त्र , प्रतीक चिन्ह , छाता घड़ी , अटैची सहित अन्य भेंट कर सम्मानित किया।




कस्बा भगवंतनगर नगर पंचायत कार्यालय मे कार्यरत लिपिक संजय दीक्षित उर्फ मुन्ना बाबू सेवा अवधि पूरी करने के बाद शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गये ।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष कुमार शुक्ला ने उन्हें अंग वस्त्र , प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया ।

इस अवसर पर सब रजिस्टार प्रभात सिंह , कानूनगों दिनेश , निराला मिश्रा , अनवर अहमद , अरविन्द सिंह , केपी सिंह ,शिवनाथ सिंह, सुरेश पटेल , सहित लेखपाल उपस्थित रहे ।

# वांछित अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुनादी, नोटिस चस्पा

अमन लेखनी समाचार

परियर, उन्नाव। सफीपुर कोतवाली के परियर चौकी क्षेत्र के मरौंदा सूचित के पनपथा गांव में शुक्रवार को पुलिस ने मु0अ0सं0 348/25 से संबंधित वांछित अभियुक्त राकेश पुत्र मातादीन निवासी पनपथा के विरुद्ध माननीय विशेष एससी/एसटी न्यायालय के आदेश पर धारा 84 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की ।पुलिस के अनुसार अभियुक्त पर बीएनएस की धारा 333, 131, 115(2), 70(1), 352, 351(3) तथा 3(2)(श) एससी/ एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में ढोल वादक छोटेलाल पुत्र हरिप्रसाद कठेरिया निवासी परियर द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में गांव में मुनादी कराई गई।

मुनादी के दौरान ग्रामीणों को



न्यायालय के आदेश की जानकारी दी गई। साथ ही धारा 84 बीएनएसएस के तहत जारी नोटिस की प्रति अभियुक्त के आवास सहित गांव के प्रमुख एवं सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा की गई। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में की गई है।

# अवस्थाओं के चलते चर्चा में गोवंश आश्रय स्थल

अमन लेखनी समाचार

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। बीती पंचवर्षीय बेहतर संरक्षण के चलते सम्मान पाने वाला गोवंश आश्रय स्थल वर्तमान समय अवस्थाओं के चलते चर्चा में है शुक्रवार को कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है जिसमें पशुओं के शवो को जे सी बी से उठाने व दफनाने साथ ही कुत्तों के नोचने जैसे दृश्य हृदय को विचलित कर सकते है।

ज्ञात हो बीते पंचवर्षीय क्षेत्र स्थित तेरवा जहांगीराबाद की गौशाला को बेहतर पशु संरक्षण के चलते मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया था किंतु इस पंचवर्षीय यह गौशाला अवस्था के चलते चर्चा में आती दिख रही है। शुक्रवार को कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए इन वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि गौशाला में तमाम पशु संरक्षित है तथा गौशाला परिसर में ही कुछ पशुओं के शव पड़े हुए है जिसमें से एक पशु शव को कुत्ते नोच रहे है जबकि एक अन्य वीडियो में एक जे सी बी मशीन पशु शव को उठाती नजर आ रही है जबकि एक अन्य वीडियो में जे सी भी मशीन पशु शव को खोदे गए गड्ढे में फेंककर दफनाती हुई देखी जा सकती है यह सभी वायरल वीडियो तेरवा जहांगीराबाद स्थिति पशु आश्रय स्थल के होने का दावा किया जा रहा है हालांकि हिंदुस्तान मीडिया संस्थान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

वही एक दूरभाष से हुई बातचीत में एक ग्रामीण ने स्थानीय प्रशाशन पर लापरवाही के जमकर आरोप लगाए है पीड़ित के अनुसार उसने घटना के संबंध में साक्ष्य हेतु तहसील से लेकर ब्लाक स्तरीय प्रशाशन के जिम्मेदारों को वीडियो भेजे तथा ब्लाक स्तरीय जांच में शव दफनाने वाले स्थान को भी इंगित कराया किंतु प्रशाशन की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं हुई दो लोगो के बीच बातचीत का ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। खंड विकास अधिकारी पंकज गौतम ने बताया है गोवंश के मृत होने की सूचना संचालक द्वारा नहीं दी गई है मामले की जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस अधिकारियों ने नानामऊ घाट का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) शैलेंद्र लाल एवं क्षेत्राधिकारी हर्ष मोदी ने नानामऊ घाट का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी ने क्षेत्र के नानामऊ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट पर सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात संचालन, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे और किसी भी प्रकार की



अव्यवस्था या अफवाह पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ प्रबंधन तथा लगातार गश्त करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान घाट पर मौजूद पुलिस कर्मियों को सतर्क रहकर ड्यूटी निभाने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से भी अपील की कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें। जिससे कांवड़ यात्रा सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# कुटी बीर बाबा मंदिर में पत्रकारों ने किया पौधरोपण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के पावन धाम कुटी बीर बाबा मंदिर प्रांगड़ में कुटी बीर बाबा सेवा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे बृहद पौधारोपण की कड़ी में आज क्षेत्र के पत्रकारों संस्थान के अध्यक्ष व भाजपा नेता संजय शुक्ल के साथ , आंवला , पीपल , बरगद आदि के पौधे रोपण करते हुए लोगो को पर्यावरण का संदेश दिया । वरिष्ठ पत्रकार सीतल प्रसाद ने कहा कि बृच्छ धरती का आभूषण है , पौधे सिर्फ सबको ।देना ही जानते , कभी फल , तो कभी छाया , तो कभी सुखी लकड़ी फिर भी हम आज इन पौधों का रखरखाव नही कर पा रहे है ।भाजपा नेता संजय शुक्ल ने कहा कि पर्यवरण को सहेजने के लिये यदि समय रहते नही चेते तो वह दिन दूर नही जब हम लोग को कई गम्भीर संकटो से सामना करना पड़ेगा ।कार्यक्रम के दौरान पत्रकार अमित दिछित , अभय शुक्ल , गुड्डू भदोरिया , अनुज शुक्ल , आकाश विश्वकर्मा ,प्रवीण शुक्ल व ज्ञानेंद्र सिंह , त्रिभुवन त्रिपाठी , सुनील ।रावत सहित अन्य लोग रहे ।

# 75 लाख का गांजा बरामद, अंतर्राज्यीय तस्करी का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना बारासगवर पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए करीब 75 लाख रुपये कीमत का 1.51 क्विंटल अवैध गांजा बरामद कर 6 तस्करों को गिरफ्तार किया है ।30 जुलाई 2026 को थाना बारासगवर क्षेत्र के धानीखेड़ा चौराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग चल रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने महेशखेड़ा चौराहे पर पाटन की ओर से आ रहे एक ट्रक और स्विफ्ट डिजायर कार को बैरियर लगाकर रोका। तलाशी के दौरान ट्रक में गारनेट पाउडर की बोरियों के बीच छिपाकर रखी 4 बोरियों और कार में रखी 1 बोरी में कुल 1 क्विंटल 51 किलो अवैध गांजा मिला। मौके से 6 आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ट्रक मालिक शिवलोचन निवासी जगतपुर भिचकौरा थाना लालगंज रायबरेली ने ट्रक को उड़ीसा वेल्डिंग का सामान लाने के लिए भेजा था। ट्रक में चालक राहुल सिंह के साथ सहचालक गुड्डू यादव भी गया था। वेल्डिंग का सामान लोड करने के बाद राहुल सिंह ने उड़ीसा के भैरमपुर और अन्य स्थानों से कार सवार आरोपियों के साथ मिलकर ट्रक में लगभग 1.5 क्विंटल गांजा लोड कराया। आरोपियों ने बताया कि गांजा उड़ीसा के बलंगगीर से विशाल नाम के व्यक्ति ने दिया था। इसे उड़ीसा से तस्करी कर उन्नाव होते हुए



उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जनपद के शक्तिवारा में अशोक उर्फ जग्गा को दिया जाता था, जो इसे वहां अलग-अलग स्थानों पर बेचता था।

बरामदगी के आधार पर थाना बारासगवर में मु0अ0सं0 138/2026 धारा 8/20 NDPS एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। ट्रक संख्या UP 90 T 6281 और डिजायर कार के कागजात न दिखाने पर दोनों वाहनों को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6 मोबाइल फोन और 5550 रुपये नगद भी बरामद किए। बरामद ट्रक शिवलोचन पुत्र शिवमोहन सिंह निवासी जगतपुर भिचकौरा थाना लालगंज रायबरेली के नाम और डिजायर कार आरोपी रामसिंह के पिता श्यामलाल के नाम पंजीकृत है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राहुल सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी जगतपुर भिचकौरा बेहटा कला थाना लालगंज रायबरेली उम्र 34 वर्ष, विशाल दास पुत्र रविदास निवासी रविन्द्रनगर थाना ट्रांजिट कैम्प उधम सिंह नगर उत्तराखंड उम्र 29 वर्ष, अभिषेक यादव पुत्र हरि किशोर यादव निवासी घनश्यामखेड़ा थाना अचलगंज उन्नाव हाल पता 739 इन्द्रानगर थाना कोतवाली सदर उन्नाव उम्र 26 वर्ष, राम सिंह पुत्र श्याम लाल निवासी भजनखेड़ा थाना सोहरामऊ उन्नाव उम्र 25 वर्ष, अरविन्द यादव पुत्र सूघर लाल निवासी घनश्यामखेड़ा थाना बारासगवर उन्नाव उम्र 37 वर्ष और विशाल पुत्र सुरेश कुमार निवासी मनिकापुर थाना बिहार उन्नाव उम्र 22 वर्ष शामिल हैं।

पकड़े गए सभी आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। राहुल सिंह, विशाल दास, अभिषेक यादव, अरविन्द यादव और विशाल पर पहले से NDPS एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। अभिषेक यादव और अरविन्द यादव पर यूपी गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम के तहत भी केस दर्ज है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष धर्मेन्द्रनाथ मिश्र के नेतृत्व में बारासगवर थाना पुलिस और सर्विलांस टीम द्वारा की गई। टीम में उ0नि0 राम कुमार यादव, हे0का0 चन्द्रेश कुमार, का0 पवन कुमार, का0 नरेन्द्र सिंह, का0 अभिषेक अहिरवार, का0 बसन्त कुमार पाल, का0 प्रमोद कुमार शर्मा, का0 रमाकान्त यादव, का0 भूपेन्द्र यादव सहित सर्विलांस के उ0नि0 अतुल कुमार वर्मा, हे0का0 सुदीप कटियार, हे0का0 शीतांश गंगवार, का0 प्रशांत बालियान, का0 विवेक कुमार, का0 आकाश बालियान और का0 अरुण कुमार शामिल रहे।

# वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए जांच करने पहुंचे मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खंड सरोसी क्षेत्र की ग्राम पंचायत थाना गांव स्थित बृहद गौ सरक्षण केन्द्र पर मृत गौवशों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उच्चाधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार को भेजा जहां उन्होंने पाया कि बृहद गौशाला में संरक्षित गौवशों को चारे के नाम पर सूखा पयार दिया जाता है और हरे चारे की कोई व्यवस्था नहीं है चारे के अभाव में गौवशं जर्जर अवस्था में है और दम तोड़ रहे हैं मामले की जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी जिसके निर्देश पर गुरूवार की रात डा विनोद कुमार ने माखी पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर पूजा सरकारी श्रम संविदा एवं निर्माण समिति लिमिटेड लखनऊ के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है।

# हेलमेट लेने गए अधेड़ को शो रूम मालिक ने जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के शंकर खेड़ा निवासी प्रेम शंकर ने तहरीर देते हुए बताया कि कालूखेड़ा कस्बे स्थित जय माँ मोटर्स में बीते ब्रहस्पतिवार को टी वी एस कम्पन्नी की बाइक निकलवाने गए ,बाइक के साथ हेलमेट मिलता है तो शो रूम के मालिक रोहित गुप्ता ने कहा कल सुबह आ जाना दे देंगे आज है नही । शुक्रवार की सुबह जब मैं हेलमेट लेने गया तो रोहित गुप्ता ने जाति सूचक गालिया देते हुए बिना अनुमिति के शो रूम कैसे आ गए और यह कर लोहे की रॉड से मारने लगे ,रोहित को मारता देख उसका साथी भी हमको मारने लगा । शो रूम में अन्य लोगो ने किसी तरह हमको बचाया ,मौके पर पहुंची पुलिस की पी आर बी गाड़ी हमको थाने लाई । घायल प्रेमशंकर को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां गम्भीर चोटो के चलते डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया । थानाध्यछ फूल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजिकृत कर लिया गया है ।

# आत्मनिर्भर बनाने हेतु पंचायत सहायको को दिया गया प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा ब्लॉक सभागार में ओएसआर प्रशिक्षण के तहत पंचायत सहायको को प्रशिक्षण दिया गया , इसके कार्यक्रम के तहत पंचायत सहायको को बताया गया कि ग्राम पंचायत को कैसे आत्म निर्भर बनाया जाए तथा आय के स्त्रोत कैसे और कहाँ से उतपन्न किये जायें की ग्राम पंचायत को राजस्व का लाभ मिल सके ।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि ग्राम पंचायत टैक्स लगा कर , अनुपयोगी जमीन को उपयोग में लाने के लिये जरूरत मन्द व्यक्तियों को पट्टा करके ,ग्राम पंचायत में यदि पैसा व जगह है तो दुकाने बना कर किराये पर उठाये , जरूरत मन्द लोग आय ,जाति ,निवास के लिये सहज जन सेवा केंद्रों या अन्य स्त्रोतों पर जाते है तो उनके लिये पंचायत भवन पर ही कम पैसो में बना कर पंचायत के लिये आय सृजित की जा सकती है ।कार्यक्रम के दौरान सहायक खण्ड विकास अधिकारी रमाकांत पांडेय ,कम्प्यूटर आपरेटर शशि भूषण शुक्ल , नवीन यादव , राज सिंह , रहनुमा सिद्दकी ,अम्रता सिंह ,रविशंकर गुप्ता , राज बहादुर , लोकेश , अनुज सहित अन्य पंचायत सहायक उपस्तिथ रहे ।

## संक्षेप

### शादी के दो महीने बाद नवविवाहिता फंदे से लटकी मिली

#### अमेठी में कमरे में मिला शव, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

अमेठी , जायस कोतवाली क्षेत्र के मुबारकपुर मुखेतिया गांव में शादी के दो महीने बाद एक नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। बुधवार सुबह हुई इस घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान डीह थाना क्षेत्र के दुगार्पुर गांव निवासी रीतू के रूप में हुई है। उसकी शादी 8 मई को मुबारकपुर मुखेतिया निवासी शिवबहादुर के बेटे शैलेन्द्र कुमार से हुई थी। शादी के बाद रीतू दूसरी बार ससुराल आई थी। शैलेन्द्र महाराष्ट्र में नौकरी करता है परिजनों के अनुसार, मंगलवार रात रीतू ने घर में सभी के लिए खाना बनाया और सामान्य बातचीत के बाद अपने कमरे में चली गई थी। बुधवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर परिजनों को शक हुआ। खिड़की से झांककर देखने पर रीतू का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।घटना की सूचना मिलते ही जायस कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना की खबर मिलते ही मृतका के मायके वाले भी गांव पहुंच गए। ससुर शिवबहादुर ने बताया कि बहू के व्यवहार में कोई असामान्य बात नहीं दिखी थी। कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की जांच की जाएगी। पुलिस इस मामले में हर पहलू की जांच कर रही है।

### पुलिस ने शुरू की इंटरसेप्टर बाइक से निगरानी

#### तेज रफ्तार वाहनों पर लगेगी लगाम, मौके पर होगा ई-चालान

अमेठी ,सड़क हादसों और तेज रफ्तार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने अत्याधुनिक इंटरसेप्टर बाइक का संचालन शुरू कर दिया है। स्पीड लेजर गन और हाई-रिज़ॉल्यूशन कैमरे से लैस इन बाइकों से अब यातायात नियम तोड़ने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।अमेठी जिले में यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती बरतने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने यातायात पुलिस को दो अत्याधुनिक इंटरसेप्टर मोटरसाइकिलें सौंपी हैं। इन बाइकों में स्पीड लेजर गन, हाई-रिज़ॉल्यूशन कैमरा और अन्य आधुनिक उपकरण लगे हैं। लेजर गन के जरिए वाहनों की गति का सटीक मापन किया जाएगा। निर्धारित गति सीमा से तेज चलने वाले वाहनों की पहचान कर मौके पर ही ई-चालान जारी किया जाएगा। बाइक में लगे कैमरे वाहन की नंबर प्लेट को स्पष्ट रूप से कैप्चर करेंगे, जिससे ओवरस्पीडिंग करने वालों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित होगी। यातायात प्रभारी शोभनाथ राम ने बताया कि इंटरसेप्टर टीम रॉन्ग साइड चलने, बिना हेलमेट वाहन चलाने, मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चलाने और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट न लगाने जैसे उल्लंघनों पर भी तकनीकी निगरानी करेगी।

# वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ मादा तेंदुआ

## ककरहा रेंज के देवनपुरवा गांव में वन विभाग ने लगाया था पिंजरा

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में वन्य जीवों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है जिससे क्षेत्र में घटनाओं का भी सिलसिला लगातार जारी है मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं भी लगातार हो रही है वन्य जीव धीरे-धीरे गांव की ओर रुख कर रहे हैं और गांव में छोटे-छोटे जानवरों का शिकार कर ग्रामीणों में दहशत पैदा कर रहे हैं ग्रामीणों की मांग पर लगाए गए पिंजरे में एक तेंदुआ कैद हुआ है वन विभाग ने जहां राहत की सांस ली है वहीं ग्रामीणों ने क्षेत्र में एक और तेंदुआ होने की बात कही है।कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज के अंतर्गत देवनपुरवा गांव में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक मादा तेंदुआ कैद हो गई।

गांव में तेंदुए की चहलकदमी और उसके द्वारा कई बकरियों व मवेशियों का शिकार किए जाने की सूचना के बाद यह रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया था। मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उच्च अधिकारियों से अनुमति प्राप्त करने के बाद गांव में पिंजरा लगाया गया था। शुक्रवार सुबह लगभग 4 बजे तेंदुआ पिंजरे में दाखिल हुआ और बिना किसी चोट के सुरक्षित रूप से कैद कर लिया गया। डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि पिंजरे में कैद तेंदुआ मादा है और उसकी उम्र लगभग 2-3 वर्ष है। चिकित्सक द्वारा किए गए स्वास्थ्य परीक्षण में पुष्टि हुई है कि तेंदुआ सक्रिय, स्वस्थ और पूरी तरह से फिट है। उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद पकड़े गए तेंदुए को प्राकृतिक वास में छोड़ा जाएगा।वन विभाग ने स्थानीय निवासियों से सतर्क रहने और किसी भी वन्यजीव के दिखने पर तुरंत नजदीकी वन चौकी को सूचित करने की अपील की है। वन विभाग द्वारा पकड़े गए तेंदुए के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है ग्रामीणों ने बताया कि कई दिन से लगातार क्षेत्र में तेंदुए की सक्रियता थी ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में एक और भी तेंदुआ अभी भी सक्रिय है।

# सदभावना संस्था की टीम ने जिला अधिकारी से की मुलाकात

## बाल विवाह दहेज प्रथा को रोकने के लिए सद्भावना चलाएगी अभियान

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। देवीपाटन मंडल में श्रमिकों के लिए काम करने वाली स्वयंसेवी संस्था सद्भावना के मुखिया योगेंद्र मणि त्रिपाठी ने 14 ब्लॉक के अध्यक्षों पदाधिकारी के साथ शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी से मुलाकात कर संस्था के कार्यों के बारे में चर्चा की।इस दौरान संस्था के मुखिया ने जिला अधिकारी को अवगत कराया की पूरे जनपद के 14 विकास खंडों में संस्था द्वारा बाल विवाह तथा दहेज प्रथा को रोकने के लिए सभी महाविद्यालयों में जन जागरूकता अभियान चलाएगी। डीएम ने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को संस्था का सहयोग करने का निर्देश दिया। संस्था प्रमुख योगेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि बाल विवाह हो जाने से लड़कियों की पढ़ाई बाधित होती है बाल विवाह रोककर लड़कियों की पढ़ाई को आगे बढ़ाया जा सकता है। वही दहेज की वजह से तमाम रिश्ते टूट जाते हैं और बेटियों की शादियां माता-पिता के सर का बोझ बन जाती हैं इसलिए लिए दहेज मुक्त विवाह के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा ।उन्होंने बताया कि इसके लिए 14 विकास खंडों में हमारी संस्था के अध्यक्ष अपनी टीम के साथ इस कार्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।इस मौके पर संस्था के मिहींपुरवा ब्लॉक अध्यक्ष हंसराम आजाद,राम जियावन बहेलिया, रामदीन गौतम, सफीक कुरैशी, अनुपम कुमार, वीरेंद्र सिंह, रमेश सहित संस्था के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैंक खाते से गायब हुए हैं 49,500 रुपये



अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र निहित पथार कला गांव निवासी सुरेश पुत्र बदलू ने गुरुवार दोपहर करीब दो बजे पुलिस को तहरीर देकर बैंक खाते से बिना जानकारी के 49,500 रुपये निकाले जाने की शिकायत की है। पीड़ित का खाता इंडियन बैंक की मटेरा कला शाखा में है।सुरेश के मुताबिक, उसने 20 जुलाई को रखौना गांव स्थित बीसी केंद्र से अपने खाते से 10 हजार रुपये निकाले थे। इसके बाद 29 जुलाई को दोबारा रुपये निकालने पहुंचा तो खाते से 49,500 रुपये गायब होने की जानकारी हुई। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि 20 जुलाई से 24 जुलाई के बीच दिलीप सिंह और संध्या नाम के व्यक्तियों द्वारा 10-10 हजार रुपये की चार निकासी तथा एक बार 9,500 रुपये निकाले गए हैं ।बीसी संचालक अवधेश कुमार ने बताया कि 20 जुलाई को खाताधारक सुरेश के अंगूठा लगाने पर उसके खाते से 10 हजार रुपये निकाले गए थे। इसके बाद निकाली गई धनराशि साइबर फ्रॉड का मामला प्रतीत हो रहा है। साइबर ठगी की आशंका को देखते हुए खाताधारक ने अपने खाते में बची धनराशि को दूसरे बैंक खाते में जमा कर दिया है ।थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कराई जाएगी।

# डायट बहराइच में वरिष्ठ प्रवक्ता राम कुमार को दी गई भावभीनी विदाई

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), बहराइच में वरिष्ठ प्रवक्ता राम कुमार के सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को भावपूर्ण एवं गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी प्राचार्य डायट आशीष सिंह, डायट के प्रवक्ता, कर्मचारी तथा जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि बीएसए आशीष सिंह ने कहा कि राम कुमार ने अपने दीर्घ सेवाकाल में शिक्षा विभाग को उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान की हैं। उनका अनुशासन, सादगी, कर्मनिष्ठा एवं सकारात्मक कार्यशैली सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति सेवा का अंत नहीं, बल्कि जीवन के नए अध्याय की शुरूआत है।

वरिष्ठ प्रवक्ता उदयभान ने कहा कि राम कुमार का स्नेह, मार्गदर्शन और सहयोग सदैव स्मरणीय रहेगा। डायट के प्रवक्ताओं एवं कर्मचारियों ने भी उनके साथ जुड़े संस्मरण साझा करते हुए उनके सरल, मिलनसार एवं सहयोगी व्यक्तित्व की सराहना की।

इस अवसर पर उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारियों ने भी शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उनके परिजनों ने संस्थान परिवार द्वारा मिले सम्मान एवं आत्मीयता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।अपने विदाई संबोधन में श्री राम कुमार ने कहा कि डायट परिवार से मिला स्नेह, सम्मान और अपनापन उनके जीवन की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने सभी अधिकारियों, सहकर्मियों एवं कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान की मधुर स्मृतियाँ सदैव उनके साथ रहेंगी।

समारोह के अंत में डायट प्रवक्ता राम कुमार को पुष्पगुच्छ, शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घ जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए भावभीनी विदाई दी।

# अपराध निरोधक समिति टीम द्वारा नवागत एसडीएम नानपारा राजेश अग्रवाल को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन पर शेर सिंह कसौधन जिला उपाध्यक्ष एवं के केशव कुमार मौर्य जिला सचिव/ जेल विजिटर जिला कारागार बहराइच के कुशल नेतृत्व में जिला बहराइच की टीम ने नानपारा के नवांगतुक उपजिलाधिकारी राजेश अग्रवाल से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें गुलदस्ता,स्मृतिचिन्ह, अंगवस्त्र तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समिति के जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन ने बताया कि नवागत उपजिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट के उद्देश्य से समिति का प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों से परिचय भी हुआ। उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी अत्यंत सरल, मृदुभाषी, मिलनसार एवं कुशल प्रशासनिक अधिकारी हैं। उन्होंने समिति के सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना और जनहित से जुड़े विषयों पर सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समिति के नगर उपाध्यक्ष रूपईडीहा इरशाद हुसैन, मोहसिन मलिक, नवरत्न पांडेय महबूब अहमद, तेज प्रसाद वर्मा, आरिफ रजा,रमेश कुमार गौतम,राजेश कुमार आर्य,छबिलाल मौर्य, बलराम मौर्य,अशोक श्रीवास्तव, राजेश कुमार शर्मा, रूपम कुमार मिश्रा सहित समिति के दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# नाला निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

## नगर पंचायत अध्यक्ष, सभासदों ने डीएम से उच्च स्तरीय जांच की मांग की

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , नगर पंचायत में नाला निर्माण में कथित भ्रष्टाचार का मामला अब तूल पकड़ रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से स्वीकृत नाले के निर्माण में अनियमितताओं की शिकायत पहले व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ने की थी। अब नगर पंचायत अध्यक्ष और सभी सभासदों ने जिलाधिकारी (डीएम) को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।यह मामला अमेठी नगर पंचायत क्षेत्र में वर्ष 2020 से 2025 तक नाला निर्माण के लिए स्वीकृत लगभग 10 करोड़ रुपये की धनराशि से जुड़ा है। आरोप है कि कुछ स्थानों पर नाले का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया, जबकि उसका भुगतान कर दिया गया।दो दिन पहले उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू कसौधन सभी सभासदों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचीं और डीएम को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।अध्यक्ष अंजू कसौधन ने कहा कि जनता के पैसे का इस तरह दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सहायक अभियंता स्तर के अधिकारी से तकनीकी जांच कराने की मांग की, ताकि पूरी पारदर्शिता बनी रहे ।उन्होंने यह भी कहा कि जांच में किसी ठेकेदार, फर्म, अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आने पर एफआईआर दर्ज की जाए, दोषियों को ब्लैकलिस्ट किया जाए और कठोर विभागीय कार्रवाई हो। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा भी जांच की मांग करने से यह साबित होता है कि नाला निर्माण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण नाला निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि बारिश में जलभराव से राहत मिल सके। सभासदों ने भी एक स्वर में दोषियों को बख्शे न जाने की बात कही।

# गलत बिजली बिल देने पर 1 लाख जुर्माना

## इंजीनियर को सैलरी से देना होगा मुआवजा, बिना बिजली खपट के बढ़ाए 2 किलोवाट

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ ,जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने उपभोक्ताओं के हित में बड़ा फैसला सुनाया है। आयोग ने गलत बिजली बिल जारी करने और लापरवाही बरतने के मामले में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) के अधिशासी अभियंता पर एक लाख रुपये का व्यक्तिगत जुमार्ना लगाया है। यह रकम अधिकारी को अपने वेतन से भरनी होगी। मामला शहर के विष्णुपुरी स्थित कन्या इंटर कॉलेज का है। कॉलेज के प्रबंधक सतीशचंद्र ने आयोग में शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि कॉलेज में दो किलोवाट का वैध बिजली कनेक्शन है और परिसर में तीन किलोवाट का सोलर प्लांट भी लगा हुआ है। इसके बावजूद बिजली विभाग ने बिना किसी ठोस कारण के कॉलेज का लोड दो किलोवाट से बढ़ाकर चार किलोवाट कर दिया और 16 हजार रुपये की अतिरिक्त सुरक्षा राशि जमा करने का बिल भेज दिया।

### कॉलेज की वास्तविक बिजली खपत दो किलोवाट से भी कम

शिकायत के बाद एसडीओ-द्वितीय ने 14 नवंबर 2024 को कॉलेज का निरीक्षण किया। जांच में पता चला कि कॉलेज की वास्तविक बिजली खपत दो किलोवाट से भी कम है। एसडीओ ने रिपोर्ट में लोड फिर से दो किलोवाट करने की सिफारिश की, लेकिन विभाग ने न तो अतिरिक्त सुरक्षा राशि हटाई और न ही बिल ठीक किया। आयोग के अध्यक्ष हसनैन कुरैशी और सदस्य पूर्णिमा सिंह राजपूत ने इसे सेवा में गंभीर कमी और उपभोक्ता को परेशान करने का मामला माना। आयोग ने आदेश दिया कि कॉलेज से वसूले गए 16 हजार रुपये की सुरक्षा राशि और 13,006 रुपये की अतिरिक्त वसूली वापस की जाए। कुल 29,006 रुपये नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ लौटाने होंगे। साथ ही आयोग ने जिम्मेदार अधिशासी अभियंता को अपने व्यक्तिगत वेतन से एक लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। कॉलेज को 10 हजार रुपये मुकदमे का खर्च भी दिया जाएगा।

# नीलगाय से टकराकर विकास भवन कर्मचारी की मौत

## सुलतानपुर में पशुओं के कारण दो दिन में तीन लोगों की गई जान

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , जिले में शाम एक सड़क हादसे में विकास भवन के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जितेंद्र सिंह की मौत हो गई। कोतवाली नगर पैगापुर के पास उनकी बाइक अचानक सड़क पर आई नीलगाय से टकरा गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि जितेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जितेंद्र सिंह ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में कार्यरत थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की।

### स्थानीय लोगों का कहना है

हादसे की खबर से विकास भवन के कर्मचारियों और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर नीलगायों के अचानक सड़क पर आ जाने के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। जिले में सड़कों पर जानवरों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं का यह दूसरा मामला है। इससे पहले सोमवार को भी एक अन्य सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई थी। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नकराही के पास हाइवे पर एक स्कूल बस और बाइक की टक्कर हो गई थी। इस हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि हाइवे पर चार-पांच आवारा पशु चल रहे थे। बाइक सवारों ने उनसे बचने के लिए जैसे ही बाइक मोड़ी, सामने से आ रही स्कूल बस ने उन्हें टक्कर मार दी।

### मृतकों की पहचान

ग्राम भोएं, थाना गोसाईंगंज निवासी दिवस निषाद (भतीजा) और उनके चाचा अर्जुन निषाद पुत्र रतीपाल के रूप में हुई है। वे लोहरामऊ से अपने घर लौट रहे थे। टक्कर मारने वाली बस 'किड्स एजुकेशन वर्ल्ड प्ले एजुकेशन' की थी।

# प्रकाश सिंह बने एसडीएम नानपारा, राजेश अग्रवाल महसी



प्रकाश सिंह एसडीएम नानपारा

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने दो उप जिलाधिकारी के कार्यक्षेत्रों में बदलाव किया है। जिसमें हाल ही में गैर जनपद से आए नानपारा तहसील में तैनात राजेश कुमार अग्रवाल को महसी का एसडीएम बनाया गया है। वही महसी में एसडीएम के पद पर तैनात प्रकाश सिंह को नानपारा एसडीएम की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# 8 साल के बच्चे की मौत के बाद हाईवे जाम

## शव रखकर प्रदर्शन, पुलिस की ग्रामीणों से नोकझोंक; ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , ट्रैक्टर की चपेट में आने से 8 साल की छात्रा ऋतिका की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया। उन्होंने शाम अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर छात्रा का शव रखकर जाम लगा दिया। आरोपी ट्रैक्टर चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे। सूचना पर पुलिस अधिकारियों के साथ फोर्स मौके पर पहुंची। लोगों को समझाने की कोशिश की। इस दौरान गांव वालों और पुलिस की नोकझोंक हुई। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र का है।

### स्कूल से लौटते समय हुआ हादसा

हादसा दोपहर करीब एक बजे हुआ। भंगवा गांव निवासी राजू गौतम की 8 साल की बेटी ऋतिका रेलवे फील्ड स्थित रॉयल अतुल एकेडमी में कक्षा एक की छात्रा थी। वह अपने भाई के साथ स्कूल से घर लौट रही थी। इसी दौरान गांव में रियाज प्रधान के घर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल ऋतिका को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया। शाम साढ़े पांच बजे शुरू हुआ प्रदर्शन शाम करीब 5:30 बजे परिजन और ग्रामीण शव लेकर अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक आरोपी चालक की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। शव हटाने के प्रयास में पुलिस और परिजनों के बीच छीनाझपटी की स्थिति भी बन गई।

# लड़की के लिए ममेरे भाई की हत्या

## हथौड़े से सिर कूचा; पहचान छिपाने के लिए शव जलाया; परिवार से मांगे 50 लाख फिरौती

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , रीलबाज युवक ने अपने ही ममेरे भाई की हत्या कर दी। दोनों एक ही लड़की से प्यार करते थे। ममेरा भाई लड़की को छोड़ने के लिए तैयार नहीं था।इसके बाद उसने भाई को रास्ते से हटाने की साजिश रची।23 जुलाई को शिवम राय अपने ममेरे भाई सुमित उर्फ साहिल को बहाने से गंगा किनारे रेलवे लाइन के पास ले गया। उसे अपने मोबाइल में फोटो-वीडियो दिखाने लगा।इसी दौरान शिवम ने झोले में रखा हथौड़ा निकाला और सुमित के सिर पर हमला कर हत्या कर दी। फिर पहचान मिटाने के लिए पेट्रोल डालकर आग लगा दी। हत्या करने के बाद शिवम ने सुमित के मोबाइल और सिम का इस्तेमाल कर परिवार को इंस्टाग्राम


सुमित, मृतक | आरोपी शिवम

मैसेज भेजे। सुमित के जिंदा होने का भ्रम पैदा करते हुए 50 लाख रुपए की फिरौती भी मांगी। मामला सोरांव थाना क्षेत्र का है।

### 23 जुलाई को बाल कटवाने निकला था सुमित

भदरी गांव में रहने वाले शिव प्रसाद का बेटा सुमित ग्रेजुएशन का स्टूडेंट था। वह 23 जुलाई की सुबह घर से सैलून जाने के लिए निकला, लेकिन फिर नहीं लौटा। काफी ढूंढने के बाद घरवालों ने 25 जुलाई को सोरांव थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी। 29 जुलाई को सुमित के मोबाइल फोन से ही शिव प्रसाद के पास कॉल आई। फोन करने वाले ने सुमित का अपहरण करने और फिरौती के रूप में 50 लाख रुपए मांगे। वहीं, शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने सुमित का मोबाइल नंबर ट्रेस किया। इसके बाद पुलिस ने जगदीशपुर कसारी में रहने वाले सुमित के फूफा राजीव के बेटे शिवम राय (22) को पकड़ लिया। शिवम की निशानदेही पर ही 30 जुलाई (गुरुवार) को ही सुमित का शव गंगा कछार की झाड़ियों में बरामद किया गया।पुलिस ने सुमित के परिवारवालों को बुलाया।पिता ने कपड़ों और अन्य सामान के आधार पर शव की पहचान अपने बेटे सुमित के रूप में की।इसके बाद ऋकफ में हत्या समेत अन्य धाराएं बढ़ाई गईं।

# नाबालिग के प्राइवेट पार्ट में एयर कंप्रेसर से भरी हवा

## आंत डैमेज होने से मौत, प्रयागराज में राइस मिल में हेल्पर था 16 साल का लड़का

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, चार लोगों ने 16 साल के दलित लड़के के प्राइवेट पार्ट में एयर कंप्रेसर से हवा भर दी। इससे उसकी आंत डैमेज हो गई और उसकी मौत हो गई।पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है।जबकि 2 फरार हैं।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि लड़का एक राइस मिल में हेल्पर का काम करता था।गुरुवार सुबह करीब 4 बजे मिल में ही काम करने वाले चार मजदूरों ने किसी बात को लेकर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसके प्राइवेट पार्ट (मलाशय) में एयर कंप्रेसर की नली डालकर हवा भर दी। इससे उसका पेट फूल गया लड़के की तबियत खराब हुई तो आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गए। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे जब भाई कमरे पर पहुंचा तो उसे जानकारी हुई।उसने लड़के को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया।जहां शाम करीब 7 बजे उसकी मौत हो गई। मामला औद्योगिक थाना क्षेत्र का है।

### बड़े भाई के साथ मिल में काम करता था

मेजा थाना क्षेत्र के हरगढ़ कोहड़ार निवासी भीम गौतम के दो बेटे और दो बेटियां हैं।बड़ी बेटी ममता की शादी हो चुकी है जबकि छोटी बेटी रानी घर पर हो रहती है। जबकि बड़ा बेटा अंशू और छोटा बेटा अंश औद्योगिक इलाके के एक एफटी राइस मिल में करते थे। बड़ा बेटा दिन और छोटा रात में ड्यूटी करता था।बुधवार की रात उनका छोटा बेटा अंश ड्यूटी पर गया था। बड़ा भाई कमरे पर सो रहा था। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे मिल में काम करने वाले दो लड़के बड़े भाई के पास कमरे में पहुंचे। उन्होंने बताया कि अंश की तबियत खराब हो गई है।यह सुनकर अंशू मिल पहुंचा। उसने देखा कि अंश जमीन पर पड़ा हुआ तड़प रहा था।

# संक्षेप

## प्लॉट धोखाधड़ी, तीन आरोपी गिरफ्तार

### 4.41 लाख की ठगी मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

बागपत, पुलिस ने प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली बागपत पुलिस ने यह कार्रवाई अपने क्षेत्र में दर्ज एक मुकदमे के तहत की है। पुलिस के अनुसार, यह मामला 1 मार्च 2025 का है। ग्राम बावली, थाना बड़ौत निवासी वादी समयदीन ने कोतवाली बागपत में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने प्लॉट की रजिस्ट्री कराने का झांसा देकर उनसे 4 लाख 41 हजार रुपये की ठगी की। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब एक विशेष अभियान के तहत पुलिस ने तीन अन्य वांछित आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।इनकी पहचान सुरेन्द्र पुत्र पूरन सिंह, मोमिन पुत्र असगर और इकराम पुत्र शरीफ के रूप में हुई है। ये तीनों आरोपी ग्राम गोरीपुर जवाहरनगर, थाना कोतवाली बागपत के निवासी हैं गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बागपत पुलिस ने बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और धोखाधड़ी या आर्थिक अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे जमीन या प्लॉट खरीदने से पहले सभी दस्तावेजों की अच्छी तरह जांच करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## पुरा महादेव मार्ग पर बिजली लाइन हटाने की मांग

### भंडारा समिति ने डीएम से सुरक्षित केबल लगाने की गुहार लगाई

बागपत , पुरा महादेव मार्ग स्थित शक्ति धाम मंदिर की भंडारा समिति ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा है। इसमें मंदिर परिसर के पास बरगद के पेड़ के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन को हटाने की मांग की गई है। समिति का कहना है कि मौजूदा स्थिति किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। भंडारा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर परिसर में स्थित बरगद के पेड़ के ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे हैं। सावन माह, भंडारे और अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान यहां हजारों श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है। ऐसे में पेड़ की टहनियों के बीच से गुजर रही यह बिजली लाइन लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है। समिति के कार्यकताओं का कहना है कि तेज हवा, बारिश या पेड़ की शाखाएं टूटने की स्थिति में बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। इससे करंट फैलने या अन्य दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इसलिए समय रहते इस समस्या का समाधान किया जाना आवश्यक है। भंडारा समिति ने जिलाधिकारी से मांग की है कि विद्युत विभाग को तत्काल निर्देश देकर बरगद के पेड़ के ऊपर से गुजर रही खुली बिजली लाइन को हटाया जाए। उसकी जगह सुरक्षित केबल युक्त लाइन डाली जाए।

# ग्राम चौपाल में सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से जागरूक हुए ग्रामीण



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर।सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक लाभार्थी को लाभान्वित करने के साथ ही लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए ग्राम पंचायत डिघरुवा एवं बीघनपुर में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया खंड विकास अधिकारी सुरेश शिवहरे सीडीपीओ अजय सिंह एडियो पंचायत विनोद कुमार मुन्नालाल एडियो कृषि रवींद्र सिंह समाज कल्याण से सचिन उत्तम सिंचाई विभाग से विनोद कुमार ग्रामीण मिशन से राकेश कुमार तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागीय कर्मियों ने संचालित योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा ऑनलाइन आवेदन कर योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी ग्राम प्रधान डिघरुवा संजय सिंह उमराव पंचायत सचिव विनय कुमार ग्राम प्रधान बीघनपुर शशि देवी पंचायत सचिव योगेन्द्र कुमार सतीश वर्मा शैलेंद्र वर्मा एवं आशा कर्मी आंगनबाड़ी कर्मी स्वास्थ्य कर्मी समूह की महिलाओं समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# महापौर के वार्ड में 10 दिन से नहीं पहुंची कूड़ा-

## मेरठ के वार्ड-37 गंगानगर के लोग बोले- शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। इस बार मामला वार्ड-37 गंगानगर का है, जहां पिछले 10 दिनों से कूड़ा उठाने वाली निगम की गाड़ी नहीं पहुंची है। खास बात यह है कि इसी वार्ड में मेरठ के महापौर हरिकांत अहलूवालिया का भी निवास है। लंबे समय से कूड़ा न उठने के कारण लोगों के घरों और गलियों में कचरा जमा हो गया है। बारिश के मौसम में इससे बदबू, मच्छरों और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासी ऋचा ने बताया कि कूड़ा गाड़ी कभी तय समय पर नहीं आती और पिछले 10 दिन से कूड़ा गाड़ी नहीं आई है। कभी सुबह पहुंचती है तो कभी दोपहर में, जबकि कई बार 10-12 दिन तक गाड़ी का कोई पता नहीं रहता। उन्होंने कहा कि घर में छोटे बच्चे हैं और कूड़ा जमा होने से मक्खी-मच्छर बढ़ गए हैं। नगर निगम और सुपरवाइजर से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि जब उन्होंने चालक से शिकायत की तो उसने अभद्र व्यवहार किया। उनका कहना है कि यह समस्या नई नहीं है और हर महीने कूड़ा गाड़ी की अनियमितता बनी रहती है। स्थानीय निवासी गुड़ी चौहान ने बताया कि 10 दिनों से गली में कूड़ा गाड़ी नहीं आई है। घरों में कचरा सड़ रहा है और तेज बदबू फैल रही है। उन्होंने कहा कि इलाके में सिर्फ कूड़ा ही नहीं, सीवर ओवरफ्लो और टूटे मैनहोल की भी समस्या है, लेकिन उनकी सफाई या मरम्मत के लिए कोई नहीं आता। एक अन्य निवासी कृपा ने बताया कि कूड़ा गाड़ी पिछले 10 दिनों से नहीं आई। जब चालक का मन होता है तभी गाड़ी आती है। इससे घरों में कचरा जमा हो जाता है और लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।एक अन्य स्थानीय निवासी ने बताया कि नगर निगम, सुपरवाइजर और संबंधित कर्मचारियों को कई बार फोन करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। उनका कहना है कि कूड़ा नहीं उठने से घरों में दुर्गंध फैल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम शुल्क तो नियमित लेता है, लेकिन समय पर सेवा नहीं देता। शिकायत करने पर कई बार कर्मचारियों से विवाद की स्थिति भी बन जाती है। बारिश के मौसम में लगातार कूड़ा जमा रहने से क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका है।

स्थानीय लोगों ने नगर निगम से तत्काल कूड़ा उठाने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# कांवड़ यात्रा से पहले सड़कों पर बड़े गड्ढे

### जलभराव और गड्ढों से राहगीर परेशान, नगर निगम की तैयारियों पर सवाल

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , शहर की कई प्रमुख सड़कें अब भी गड्ढों और अधूरे निर्माण की मार झेल रही हैं। हापुड़ अड्डा, तेजगढ़ी-रंगोली रोड, आरटीओ रोड, नई सड़क, शास्त्री नगर डी-ब्लॉक समेत कई मार्गों पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम की ओर से अब तक इनकी मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। एल-ब्लॉक चौकी के निकट हर वर्ष क्षेत्रवासियों की ओर से कांवड़ सेवा शिविर लगाया जाता है, जिसमें नौचंदी और मेडिकल क्षेत्र के लोगों का विशेष सहयोग रहता है। इसी मार्ग से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग गुजरते हैं, लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति उनके लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। मुख्यमंत्री ग्रिड (सीएम ग्रिड) योजना के तहत शास्त्री नगर स्थित आरटीओ रोड का निर्माण कार्य भी तय समय के बाद पूरा नहीं हो सका। नगर निगम अधिकारियों और महापौर ने चार प्रमुख मार्गों का निर्माण 30 जून तक पूरा कराने का दावा किया था, लेकिन जुलाई का अंतिम सप्ताह समाप्त होने के बावजूद सड़क अधूरी पड़ी है। अब कांवड़ यात्रा शुरू होने के साथ इसी मार्ग से गुजरने वाले कांवड़ियों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, बिखरी बजरी और जलभराव के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हल्की बारिश में भी सड़क पर पानी भर जाता है, जबकि तेज बारिश के दौरान गड्ढे पूरी तरह पानी में छिप जाते हैं। ऐसे में वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता और दुर्घटनाएं हो रही हैं और अब इन रास्तों से कावड़ियों का भी गुजरना होगा तो ऐसे में समस्याएं और बढ़ जाएँगी और दुर्घटना की संभावना भी और अधिक बढ़ जाएंगी। कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले श्रद्धालुओं की सुरक्षा लोगों ने नगर निगम से तत्काल सड़क मरम्मत, गड्ढों को भरने और जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

# 20 महिलाओं से चेन व कुंडल लूटने वाला अरेस्ट

## गाजियाबाद पुलिस ने दिल्ली के शातिर लुटेरे खान को दौड़ाकर पैर में गोली

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद ,इंदिरापुरम पुलिस ने रात दिल्ली के शातिर लुटेरे खान को दौड़ाकर पैर में गोली मारी। जिसे पुलिस ने घायल हालत में अरेस्ट किया है। घायल के पास से पुलिस ने लूटी हुई एक सोने की चेन, एक तमंचा और बिना नंबर की बाइक बरामद की है। घायल का नाम आसू खान उर्फ खान निवासी सुंदरपुरी दिल्ली है। पूछताछ में बताया कि आशू अपने साथी के साथ मिलकर इंदिरापुरम और आसपास के क्षेत्रों में चेन व कुंडल लूट की घटनाओं को करता था।जिसने 20 से अधिक महिलाओं से चेन व कुंडल लूट की घटनाओं को अंजाम देना बताया है।

### पुलिस पर गोली चलाकर भागने लगा

एसीपी इंदिरापुरम सूर्यबली मौर्य ने बताया कि रात 9 बजकर 30 मिनट पर इंदिरापुरम अयज चौधरी हिंडन पुल के पास चेकिंग कर रहे थे। इस बीच पुलिस ने एक बाइक सवार युवक को रोकने का प्रयास किया। जिसने बाइक नहीं रोकी और दौड़ा दी।पुलिस ने देखा कि बाइक पर नंबर प्लेट नहीं है। जिसके बाद यह बदमाश बाइक छोड़कर भागने लगा और पुलिस पर तमंचे से 3 राउंड फायर किए। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी करते हुए पैर में गोली मारकर अरेस्ट किया। आसू खान उर्फ खान ने बताया कि मैंने एक महीने में 4 महिलाओं से लूट की है। लूट के बाद दिल्ली भाग जाता था।पुलिस को बताया कि यह बाइक भी चोरी की है। पूछताछ में बताया कि यह तमंचा दिल्ली से एक साल पहले 3500 रुपये में खरीदा था। खान अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर लगातार लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। इसी तमंचे से पुलिस पर 3 राउंड फायर किए।

# लड़की के सिर-पेट पर गोली मारकर लड़के ने जान दी

## 10 दिन पहले जेल से छूटा था; एकतरफा प्यार में वारदात

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , शाम एकतरफा प्यार में एक लड़के ने लड़की को तीन गोलियां मारीं, फिर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। लड़के के सीने में गोली लगी, जबकि लड़की के सिर में एक और दो गोली पेट में लगीं। घटना शाम करीब 4:30 बजे कंकरखेड़ा के डिफेंस एन्क्लेव कॉलोनी के जोनल पार्क के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, लड़का पल्सर बाइक और लड़की स्कूटी से जोनल पार्क आई थी। पार्क के बाहर खड़े होकर दोनों बात कर रहे थे। तभी उनमें झगड़ा होने लगा। इसी बीच लड़के ने पिस्टल निकाली और लड़की पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। लड़की तुरंत जमीन पर गिर पड़ी। घटना से अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग लड़के की तरफ दौड़े तो उसने सीने पर पिस्टल सटाकर खुद को गोली मार ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस से लड़की को कैलाश अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें


आदित्य, मृतक

सुभारती मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। लड़की की हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी एक हिस्ट्रीशीटर है। 10 दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। पुलिस के मुताबिक, लड़की का नाम अनुष्का (23) है, जो कंकरखेड़ा के गोविंदपुरी की रहने वाली है। उसकी मां सनातन धर्म इंटर कॉलेज सदर में सरकारी टीचर हैं। पिता की मौत हो चुकी है, एक बड़ा भाई है। लड़के की पहचान आदित्य (26) के रूप में हुई है। वह कंकरखेड़ा की शिवलोकपुरा कॉलोनी का रहने वाला था। आदित्य ने साल 2025 में साकेत स्थित आईटीआई कॉलेज से आईटीआई किया था। आदित्य दो भाइयों में छोटा था। उसके बड़े भाई का नाम आशीष है। आदित्य और अनुष्का के घर करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर हैं।

### लड़का 10 दिन पहले ही जमानत पर आया

आदित्य कंकरखेड़ा थाने का हिस्ट्रीशीटर था। उस पर कंकरखेड़ा थाने में 10 मुकदमे दर्ज हैं। सभी मुकदमे अवैध हथियारों की तस्करी और मारपीट के हैं। करीब एक महीने पहले सरूरपुर थाना पुलिस ने उसे अवैध तमंचे के साथ पकड़ा था। इसके बाद वह जेल चला गया। करीब 10 दिन पहले ही वह जमानत पर बाहर आया था। जेल से बाहर आने के बाद आदित्य ने अनुष्का से बात करने की कोशिश की। लेकिन, अनुष्का उससे बात नहीं कर रही थी। आदित्य ने उससे मिलने का दबाव बनाया। बुधवार शाम करीब 4 बजे अनुष्का स्कूटी से जोनल पार्क पहुंची। आदित्य पहले से वहां खड़ा था। दोनों पार्क के बाहर बात करने लगे। कुछ देर बाद दोनों में कहासुनी शुरू हो गई। बात बढ़ी तो झगड़ा हो गया। तभी आदित्य ने पिस्टल निकाली वारदात को अंजाम दे दिया। आसपास लगे उउळश खंगाल रही पुलिसघटना की सूचना मिलते ही कंकरखेड़ा थाना पुलिस, सीओ और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू की।

# नाले में कूदे पति-पत्नी; वीडियो

## लोगों ने रस्सी के सहारे दोनों को बाहर निकाला, आपस में हुआ था विवाद

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , दोपहर बाद पति-पत्नी के नाले में कूद गए। बरौला के पास नाले में पानी कम और गाद ज्यादा होने के कारण दोनों डूबे नहीं। मौके पर मौजूद लोगों ने रस्सी की मदद से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस के मुताबिक, दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। घटना का 27 सेकेंड का वीडियो सामने आया है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों को समझाया, जिसके बाद वे अपने घर चले गए। मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई है। रस्सी के सहारे लोगों ने किया रेस्क्यू सामने आए 27 सेकेंड के वीडियो में कुछ लोग रस्सी और पटरे की मदद से अस्थायी सहारा बनाकर नाले में फंसी महिला को बाहर निकालते दिखाई दे रहे हैं। महिला उस सहारे पर खड़ी है और बाहर मौजूद लोग उसे ऊपर की ओर खींच रहे हैं। इस दौरान उसका पति नीचे नाले में खड़ा होकर महिला की मदद करता नजर आता है। महिला के बाहर आने के बाद लोगों ने पति को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया आपसी विवाद के बाद नाले में कूदे थे पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।

# निवेश के नाम पर 59 लाख की ठगी

## वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा, ऐप पर रजिस्ट्रेशन करवाया, 10 बार में रकम

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, सेक्टर-76 जेएम ऑर्किड सोसायटी में रहने वाले एक 65 साल के बुजुर्ग को ट्रेडिंग कर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर शातिरों ने 59 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित को एक नामी शेयर ट्रेडिंग कंपनी के फर्जी ग्रुप में शामिल किया गया। आरोपी खुद को सेबी से रजिस्टर्ड होने का दावा किए। झांसे में आए पीड़ित ने दस से अधिक किस्तों में ठगों के खाते में रुपये भेज दिए। मुनाफे की रकम निकालने की कोशिश तो ठग संपर्क तोड़ लिए। मामले में साइबर थाना पुलिस तहरीर लेकर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अनजान नंबर से आया मैसेज

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह प्राइवेट कंपनी से रिटायर कर्मचारी हैं। इसी साल जनवरी महीने में उन्हें एक अनजान नंबर से मैसेज आया। बातचीत होने के बाद पीड़ित



को एमएस फार्ले नाम की कथित स्टॉक ब्रोकर फर्म के प्रतिनिधियों ने संपर्क कराया गया। भारत में कंपनी का प्रतिनिधि बताकर माइकल कॉलिन्स और जतिन शर्मा ने खुद को सेबी से पंजीकृत बताया और घर बैठे ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया।

# ग्रेटर नोएडा में विवाहिता की संदिग्ध

## पति समेत 3 पर दहेज हत्या का केस, परिजनों ने लगाए हत्या के आरोप

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा के कासना कोतवाली क्षेत्र के घंघौला गांव में रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में महिला के पति, देवर और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, गाजियाबाद के जावली गांव की रहने वाली दो सगी बहनें तनु और तनीषा की शादी 6 दिसंबर 2020 को घंघौला गांव निवासी अमित व सुमित से हुई थी। दोनों बहनों के दो-दो बच्चे भी हैं। मृतका तनु के भाई तनीश कसाना ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर दोनों बहनों को प्रताड़ित कर रहे थे। उनका आरोप है कि आरोपी पहले ब्रेजा और अब स्कॉर्पियो की मांग कर रहे थे, और यह मांग लगातार बढ़ती जा रही थी। रात तनु की घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव ऊपर के कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। परिजनों का आरोप है कि जब वे मौके पर पहुंचे तो ससुराल पक्ष के लोग वहां से भाग गए थे।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सोन संगम की विचारगोष्ठी

अमन लेखनी समाचार



शक्तिनगर सोनभद्र। साहित्यिक, सामाजिक संस्था सोन संगम के तत्वावधान में, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एनटीपीसी कॉलोनी परिसर, शक्तिनगर में 29 जुलाई, बुधवार की शाम एक विचारगोष्ठी का आयोजन मृत्युंजय सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक, केन्द्रीय विद्यालय की अध्यक्षता एवं राजनाथ दुबे, वरिष्ठ प्रबन्धक, एनसीएल दुधीचुआ के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ गुरु एवं शिष्य के सम्बन्धों पर ओशो के प्रवचनांशों के श्रवण एवं ध्यान से हुआ। अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का संचालन सोन संगम के सचिव डॉ0 मानिक चन्द पाण्डेय ने किया। विचारगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजनाथ दुबे ने कहा कि गुरु तो सभी शिष्यों के लिए एक-सा उपलब्ध है, किन्तु शिष्य अपनी-अपनी पात्रता के अनुरूप गुरु से ज्ञान प्राप्त कर पाते हैं। अध्यक्षता कर रहे मृत्युंजय सिंह ने वर्तमान समय में गुरु एवं शिक्षक की भूमिका को चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सूचना क्रांति के दौर में ज्ञान देने से अधिक महत्वपूर्ण शिष्यों को यह सिखाना है कि ज्ञानार्जन कैसे किया जाए। वरिष्ठ प्राध्यापक चन्द्रशेखर जोशी ने कहा कि सूचना संकलन और ज्ञानार्जन एकदम भिन्न बातें हैं। सूचना तो इण्टरनेट और एआई से भी मिल जाती है, पर ज्ञान केवल गुरु ही दे सकता है। डॉ0 मानिक चन्द पाण्डेय ने कहा कि गुरु ज्ञान की पूर्णता का ही दूसरा नाम है, इसीलिए गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है। डॉ0 योगेन्द्र मिश्र ने कहा कि गुरु, शिष्य को बुद्धि से मेधा, मेधा से प्रज्ञा और प्रज्ञा से चेतना की यात्रा पर ले जाता है। उक्त अवसर पर अच्छेलाल, करुणा, गौतमी, समिधा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सोन संगम के कार्यवाहक अध्यक्ष विजय दुबे द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# पिपरी पुलिस द्वारा चोरी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करने एवं घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष पिपरी के नेतृत्व में थाना पिपरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है ।आज दिनांक 30.07.2026 को उ0नि0 जितेन्द्र सरोज, चौकी प्रभारी रेनुकूट, थाना पिपरी मय हमराह पुलिस बल के क्षेत्र में रोकथाम जुर्म-जरायम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु मामूर थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 139/2026 धारा 305(˙), 331(4), 317(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त अयोध्या प्रसाद पुत्र स्व0 दल्लू प्रसाद, निवासी सुपाचुआ, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 39 वर्ष को दिनांक 30.07.2026 को समय करीब 09:35 बजे मुर्धवा-रनटोला के मध्य पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 05 अदद जीन्स, 03 अदद टी-शर्ट, 02 अदद शर्ट, 01 अदद फ्रॉक, 01 अदद लावा कम्पनी का की-पैड मोबाइल फोन एवं 1,250/- नगद बरामद किया गया।

# जिला अस्पताल से अगवा कर 10 साल की बच्ची की हत्या, गिरफ्तार

### नदी से बरामद हुई लाश

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। जिले को झकझोर देने वाली एक सनसनीखेज वारदात में डायल-112 में तैनात एक सिपाही ने 10 वर्षीय मासूम बच्ची का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी और शव को नदी में फेंक दिया। गुरुवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मानीराम क्षेत्र के चिउटहा पुल के पास रोहिणी नदी से बच्ची का शव बरामद किया। पुलिस को आशंका है कि वारदात से पहले बच्ची के साथ दुष्कर्म भी किया गया हो। घटना 28 जुलाई की रात की है। आजमगढ़ के कप्तानगंज क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता परिवार सहित पिछले चार वर्षों से गोरखपुर में किराये पर रहकर ई-रिक्शा चलाकर जीवनयापन कर रहा है। उसकी 13 वर्षीय बेटी जिला अस्पताल में भर्ती थी। उसी को खाना देने 10 साल की छोटी बेटी रात करीब 8:30 बजे अस्पताल गई थी। रात करीब 10 बजे वह घर लौटने के लिए निकली, लेकिन काफी देर तक घर नहीं पहुंची। परिजनों ने तलाश के बाद पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई। पिता के अनुसार, अस्पताल में भर्ती बड़ी बेटी ने बताया कि जब दोनों बहनें अस्पताल परिसर में बैठकर खाना खा रही थीं, तभी पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति आया और उनसे घर का पता पूछने लगा। उसने कहा कि रात ज्यादा हो गई है, जरूरत हो तो वह घर छोड़ देगा। इसी दौरान वह छोटी बच्ची के पीछे लग गया और मौका मिलते ही उसे अपने साथ ले गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने 10 टीमें गठित कर जांच शुरू की। जिला अस्पताल और आसपास लगे उउळश कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें आरोपी सिपाही बच्ची के साथ नजर आया। करीब 39 सेकेंड के फुटेज में बच्ची अस्पताल से बाहर निकलती दिखी और पीछे-पीछे वर्दीधारी सिपाही बाइक से आता नजर आया। कुछ देर बातचीत के बाद बच्ची को बाइक पर बैठाकर ले जाते हुए वह कैमरे में कैद हो गया। उउळश के आधार पर बाइक नंबर ट्रेस कर पुलिस ने आरोपी सिपाही अभिषेक यादव को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसने बताया कि बच्ची की हत्या कर शव को रोहिणी नदी में फेंक दिया था। आरोपी मूल रूप से गाजीपुर का रहने वाला है और गोरखपुर में डायल-112 सेवा में तैनात था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस लाइन स्थित व्हाइट हाउस सभागार में प्रेस वार्ता कर घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। साथ ही उसे सेवा से बर्खास्त करने के लिए शासन को पत्र भेज दिया गया है। एसएसपी ने यह भी बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी जनवरी 2025 में छेड़छाड़ का आरोप लगा था जेल गया था ।पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे दुष्कर्म की पुष्टि हो सके।

# आज से आरंभ होगी विश्व की कठोर साधना

**आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज लेंगे मौन व्रत, साधना काल में रहेंगे पूर्णत: निर्जल और निराहार।**

अमन लेखनी समाचार



हरिद्वार। आज शाम 6 बजे से दक्षिण काली मंदिर में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज की विश्व की अत्यंत कठोर साधनाओं में से एक मानी जाने वाली तपस्या का शुभारंभ होगा। साधना प्रारंभ होते ही महाराज श्री मौन व्रत धारण करेंगे और संपूर्ण साधना अवधि में पूर्णतः निर्जल एवं निराहार रहकर भगवान शिव की अखंड उपासना में लीन रहेंगे। यह तपस्या राष्ट्र की सुख-समृद्धि, विश्व शांति, सनातन धर्म की उन्नति तथा समस्त मानवता के कल्याण के लिए समर्पित है। कठोर तप, अटूट संकल्प और अनुशासन का यह अद्वितीय स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए आस्था और प्रेरणा का केंद्र बनेगा। साधना के शुभारंभ के अवसर पर बड़ी संख्या में संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं के उपस्थित रहने की संभावना है। आयोजन समिति ने सभी भक्तों से निर्धारित व्यवस्था एवं अनुशासन का पालन करते हुए इस दिव्य तपस्या के साक्षी बनने का आग्रह किया है।

# धनबाद मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ की सतर्कता से संदिग्ध एवं भयभीत अवस्था में मिले 14 वर्षीय बालक को सकुशल उसके परिजनों से मिलाया गया



अमन लेखनी समाचार

धनबाद। रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए धनबाद मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ राकेश कुमार द्वारा दिनांक 30.07.26 को आसनसोल-धनबाद के बीच गाड़ी संख्या 13051 (कालका एक्सप्रेस) में चेकिंग के दौरान जनरल कोच में एक 14 वर्षीय बालक (नाम-रंगन घोष), को संदिग्ध एवं भयभीत अवस्था में पाया गया पूछताछ के दौरान बालक ने स्वीकार किया कि वह घर से भागकर आया है उसके पास उपलब्ध स्कूल स्कूल आईडी कार्ड से उसके पिता मानव घोष का संपर्क प्राप्त कर उन्हें तत्काल सूचना दी गई उन्होंने बताया कि उनका पुत्र घर से लापता है तथा उसकी देखरेख का अनुरोध किया घटना की जानकारी तत्काल धनबाद कमर्शियल कंट्रोल एवं आरपीएफ को दी गई ट्रेन के धनबाद पहुंचने पर बालक को आरपीएफ एवं जीआरपी को सुपुर्द किया गया बाद में उसके पिता बंगाल पुलिस के साथ धनबाद पहुंचे, जहां जीआरपी द्वारा आवश्यक औपचारिकताओं के उपरांत बालक को सकुशल उनके पिता को सुपुर्द किया गया बालक के पिता एवं बंगाल पुलिस ने धनबाद मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ तथा रेल प्रशासन की सतर्कता, संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया धनबाद मंडल अपने कर्मचारियों की इस सराहनीय कार्यशैली एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करता है

# डुमारियागंज के लाल काजी आबिद अली को मिली विश्व प्रतिष्ठान की अहम जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर , सिद्धार्थनगर जनपद के जाबजौवा निकट हॉलौर निवासी काजी अब्दुल हामिद वर्षों पूर्व अपने परिवार के साथ रोजगार की तलाश में मुंबई चले गए थे। उन्होंने ट्रक चालक के रूप में कड़ी मेहनत कर परिवार का पालन-पोषण किया और अपने पुत्र काजी आबिद अली को अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षा दिलाई। वर्तमान में काजी आबिद अली स्नातक हैं और मुंबई के कुर्ला में रहकर सामाजिक कार्यों के साथ शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। अपनी उत्कृष्ट शिक्षण क्षमता के बल पर उन्हें सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। हाल ही में काजी आबिद अली को मानवता कल्याण विश्व प्रतिष्ठान में महाराष्ट्र प्रदेश के पर्यवेक्षक के रूप मे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी मिलने पर उनके पैतृक गांव तथा आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# गैपुरा में भीषण हादसा: अनियंत्रित कंटेनर ने सो रहे पिता-पुत्र को रौंदा, दोनों की मौके पर मौत

अमन लेखनी समाचार



मिजार्पुर। विंध्याचल थाना क्षेत्र के गैपुरा चौकी अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोंई के सामने गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में अनियंत्रित सीमेंट लदा कंटेनर सड़क किनारे बने मकानों में जा घुसा। हादसे में घर के बाहर सो रहे पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार मकानों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। मृतकों की पहचान शिव प्रसाद गुप्ता (36 वर्ष) पुत्र गंगा प्रसाद गुप्ता तथा उनके 13 वर्षीय पुत्र राहुल गुप्ता के रूप में हुई है। राहुल सीडीएस स्कूल में कक्षा छह का छात्र था। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी संजू देवी और पुत्री दिव्या का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कंटेनर प्रयागराज से मिजार्पुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कंटेनर सड़क किनारे बने मकानों में घुस गया। ग्रामीणों का आरोप है कि मार्ग पर डिवाइडर और पर्याप्त इंडिकेटर नहीं होने के कारण इस स्थान पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सिटी, विंध्याचल थाना प्रभारी, गैपुरा चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र द्विवेदी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मृतक शिव प्रसाद गुप्ता कबाड़ का काम कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। इकलौते पुत्र की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने दुर्घटना स्थल पर सुरक्षा के लिए डिवाइडर, रिफ्लेक्टर और चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# शक्तिनगर साइबर टीम ने साइबर फ्रॉड की 13,000/- धनराशि पीड़ित के खाते में कराई वापस

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र ।साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना शक्तिनगर साइबर क्राइम टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर फ्रॉड की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई। आवेदक राजेश गुप्ता निवासी चिल्काटांड, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड कर धनराशि स्थानांतरित करा ली गई थी। घटना की सूचना प्राप्त होने पर थाना शक्तिनगर साइबर टीम द्वारा तत्काल बैंक से पत्राचार कर फ्रॉड की गई धनराशि को होल्ड कराया गया तथा टफट पोर्टल के माध्यम से कुल 13,000/- (तेरह हजार रुपये) की धनराशि आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई धनराशि वापस मिलने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र एवं थाना शक्तिनगर साइबर टीम के अधिकारी/कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# जिला ओलंपिक संघ का वार्षिक समारोह 9 अगस्त को

मिर्जापुर , इस कार्यकम में आशीष पटेल कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश शासन मुख्यअतिथि एवं जिला अधिकारी मिर्जापुर विशिष्ट अतिथि होंगे , उत्तरप्रदेश ओलंपिक संघ के सह संयुक्त सचिव तथा मिर्जापुर ओलिंपिक एवं वॉलीबॉल संघ के महासचिव एस.पी.त्रिपाठी ने एक प्रेस विज्ञपति में सुचित किया है कि दिनांक 9 अगस्त रविवार को जिला कोऑपरेटिव बैंक के (कचहरी परिसर) सभागार में दिन में 12 बजे ,जिला ओलंपिक संघ के स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में वार्षिक समारोह का आयोजन करने जा रहा है जिला ओलंपिक संघ की विशेष बैठक भी प्रातः 10:00 बजे अयोजित की जाएगी जिसमें वर्ष 2026-27 का खेल कैलेंडर तथा मिर्जापुर ओलिंपिक संघ का पुनर्गठन तथा वर्ष 2026 में जिन बालक - बालिकाओ (महिला ,पुरुष) ने राज्य ,राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनपद का खेल के तौर पर मान-सम्मान बढ़ाया है उनको पुरुस्कृत भी किया जाएगा

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

# अनपरा पुलिस द्वारा NDPS एक्ट के मुकदमे में 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में थाना अनपरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। आज दिनांक 30.07.2026 को थाना अनपरा पुलिस टीम द्वारा मुकदमा संख्या-446/2015, राज्य बनाम मनोज कुमार साहनी, धारा-8/21 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# कुशीनगर : शिक्षक संगोष्ठी में पीएनबी से जुड़े रहने का शिक्षकों ने जताया भरोसा

## बैंक ने समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार

कुशीनगर। पंजाब नेशनल बैंक के तत्वावधान में बुधवार को नगर स्थित बुद्धा होटल के सभागार में शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों एवं बैंक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा बैंकिंग सेवाओं से संबंधित समस्याओं और सुझावों पर चर्चा करना रहा। संगोष्ठी का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख महेंद्र कुमार मोहन के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में जनपद कुशीनगर के सभी शाखा प्रबंधकों के साथ राष्ट्रीय शैक्षिक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर शिक्षक संघ तथा प्रोटान सहित विभिन्न शिक्षक संगठनों के जिला एवं ब्लॉक स्तर के अध्यक्ष, मंत्री और पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर मंडल प्रमुख महेंद्र कुमार मोहन, रेखा रामचंद्रन, राजकुमार सिंह तथा अभिनाश शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद वक्ताओं ने शिक्षकों से जुड़ी बैंकिंग सुविधाओं, ऋण व्यवस्था तथा वेतन खातों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में वर्तमान समय में शिक्षकों के वेतन खाते अन्य बैंकों, विशेषकर भारतीय स्टेट बैंक में स्थानांतरित होने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। इस दौरान वक्ताओं ने शिक्षकों से पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े रहने की अपील करते हुए बैंक की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। मुख्य वक्ता प्रोटान की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रेखा रामचंद्रन ने कहा कि नौकरी के प्रारंभ से ही उनका वेतन पंजाब नेशनल बैंक में आ रहा है और उन्हें बैंक की सेवाओं पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं किसी अन्य बैंक में जाने के पक्ष में नहीं हैं तथा शिक्षकों से भी पीएनबी के साथ जुड़े रहने का आग्रह किया। राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के जिला अध्यक्ष अभिनाश शुक्ला ने शिक्षकों की आवश्यकताओं के अनुरूप बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सरल एवं सुलभ बनाने पर जोर दिया। वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकुमार सिंह ने शिक्षकों को बिना गारंटी के व्यक्तिगत ऋण (पर्सनल लोन) उपलब्ध कराने सहित अन्य बैंकिंग सुविधाओं में प्राथमिकता दिए जाने की मांग रखी। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बैंकिंग सेवाओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं और सुझावों को भी मंडल प्रमुख के समक्ष रखा। मंडल प्रमुख महेंद्र कुमार मोहन ने सभी मांगों एवं सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक शिक्षकों के हितों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है तथा उन्हें बेहतर और पारदर्शी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। संगोष्ठी में रवि रंजन, सुजीत खरवार, जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के जिलाध्यक्ष अभिनाश शुक्ला सहित जनपद के विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी एवं सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने पंजाब नेशनल बैंक के साथ अपने संबंधों को और अधिक मजबूत बनाए रखने का भरोसा जताया।

# हिन्डाल्को रेनुसागर ने निक्षय योजना के तहत टीबी मरीजों को पोषाहार किया वितरित

अमन लेखनी समाचार




अनपरा, सोनभद्र। हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर. पी. सिंह के मार्गदर्शन तथा हेड एचआर आशीष पांडेय के निर्देशन में ग्रामीण विकास विभाग, रेनुसागर के तत्वावधान में क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे निक्षय योजना के अंतर्गत 20 लाभार्थियों को पोषाहार का वितरण किया गया ग्रामीण विकास विभाग रेनुसागर द्वारा संयुक्त चिकित्सालय डिबुलगंज के चिकित्सकों द्वारा चिन्हित टीबी मरीजों को पोषणयुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना तथा टीबी उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाना है। हिंडालको रेनुसागर द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आयोजित इस पहल के माध्यम से हिंडालको रेनुसागर ने सामाजिक उत्तरदायित्व (उरफ) के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर प्रदर्शित किया। ग्रामीण विकास विभाग रेनुसागर के प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने मरीजों से नियमित दवा के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने की अपील की, जिससे वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें ।डीबुलगंज संयुक्त चिकित्सालय के प्रभारी डॉक्टर रवि प्रताप सिंह ने हिंडालको रेनुसागर द्वारा निक्षय योजना के अंतर्गत पोषाहार वितरण जैसी जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि उद्योग और समाज के सहयोग से टीबी उन्मूलन अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी लाभार्थियों से चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार नियमित दवा लेने, संतुलित आहार अपनाने तथा उपचार बीच में न छोड़ने की अपील की ।इस अवसर पर संजीव कुमार सिंह एवं ग्रामीण विकास विभाग रेनुसागर के अधिकारी राजनाथ यादव मौजूद रहे।

# पिपरी पुलिस ने साइबर फ्रॉड की 14,283/- धनराशि पीड़ित के खाते में कराई वापस

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र ।साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना पिपरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर फ्रॉड की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई गई। आवेदक विक्की निवासी रेनूकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड कर धनराशि स्थानांतरित करा ली गई थी। घटना की सूचना प्राप्त होने पर थाना पिपरी पुलिस द्वारा तत्काल बैंक से पत्राचार कर फ्रॉड की गई धनराशि को होल्ड कराया गया तथा निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत नोटिस जारी कर कुल 14,283/- (चौदह हजार दो सौ तिरासी रुपये) की धनराशि आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई धनराशि वापस मिलने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र एवं थाना पिपरी पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## मिस्ट्री गर्ल संग नजर आए शाहरुख के बेटे आर्यन

**नई दिल्ली।** आर्यन खान अपनी किसी मूवी या सीरीज को लेकर नहीं, बल्कि लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। असल में आर्यन खान की कुछ तस्वीरें और वीडियोज इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं, जिनमें वो किसी मिस्ट्री गर्ल के साथ दिखाई दे रहे हैं। आर्यन की ये तस्वीरें लंदन की सड़कों से वायरल हुईं हैं। ऐसे में हर कोई ये जानने के लिए बेताब है कि आखिर आर्यन की ये मिस्ट्री गर्ल है, जिसने उनका दिल चुरा लिया है। दरअसल, आर्यन खान इन दिनों विदेश में अपना वेकेशन एंजॉय कर रहे हैं। ऐसे में आर्यन अपनी फैमिली नहीं, बल्कि अपने दोस्तों के साथ लंदन में छुट्टियां बिता रहे हैं। आर्यन के लंदन वेकेशन की कुछ तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर जंगल में लगी आग की तरफ वायरल हो रही हैं।

लाइफ Style

## महिमा

### प्रीति मेरे कॅरियर का सबसे यादगार किरदार रहेगा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

*कुछ किरदार सिर्फ पर्दे पर नहीं रहते, कलाकार के भीतर भी बस जाते हैं। अभिनेत्री महिमा मकवाना के लिए 'मुसाफिर कैफे' की 'प्रीति' ऐसा ही किरदार रही। महिमा कहती हैं कि इस रोल ने उन्हें खुद को स्वीकार करना और खुद से प्यार करना सिखाया। महिमा कहती हैं कि 'मुसाफिर कैफे' की स्क्रिप्ट पढ़ते ही उन्हें लगा कि वह प्रीति का किरदार निभाना चाहती हैं।*

'जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी, तभी मुझे लगा कि मुझे प्रीति ही बनना है। वह बहुत एस्पिरेशनल है। सोलो ट्रैवल करती है, अपने आसपास के लोगों को अपनापन महसूस कराती है, बहुत अच्छी लिस्नर है और बेहद इमोशनली इंटेलिजेंट है। अगर मुझे कभी असल जिंदगी में प्रीति मिले, तो मैं उससे दोस्ती जरूर करना चाहूंगी। वह ऐसी इंसान है, जो आपको रास्ता भी दिखाएगी और यह भी महसूस कराएगी कि आप अकेले नहीं हैं।' महिमा के लिए 'प्रीति' सिर्फ एक रोल नहीं रही। वह मानती हैं कि इस किरदार ने उनकी निजी जिंदगी पर भी असर डाला ..'मुझे पहले खुद को स्वीकार करना बहुत मुश्किल लगता था। आसपास का शोर और लोगों की बातें कहीं न कहीं असर करती थीं। लेकिन प्रीति ने मुझे खुद को एक्सेप्ट करना सिखाया। उसने मुझे खुद से प्यार करना सिखाया। मुझे एहसास हुआ कि जब तक आप खुद को आजादी नहीं देंगे... तब तक आप अपने आसपास के लोगों को भी आजादी महसूस नहीं करा पाएंगे। मेरे लिए इससे बड़ा गिफ्ट कोई नहीं हो सकता। मैं यह सिर्फ फिल्म प्रमोट करने के लिए नहीं कह रही हूं। मुझे सच में लगता है कि प्रीति मेरे करियर का सबसे यादगार किरदार रहेगी।' जिंदगी और कॅरियर के इस सफर ने महिमा का नजरिया भी बदला है।



हॉलीवुड मसाला




## निजी पलों की तस्वीरें वायरल

**लॉस एंजिल्स।** कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और सिंगर कैटी पेरी रिश्ते में हैं। उनके डेटिंग की अफवाहें 2025 के बीच में शुरू हुई थीं और बाद में, पब्लिक अपीयरेंस और इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दोनों ने कन्फर्म किया कि वे साथ हैं। अब, सोशल मीडिया पर उनकी कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें जस्टिन, कैटी की बॉडी पर सनस्क्रीन लोशन लगाते हुए दिख रहे हैं। खबरों के मुताबिक, दोनों फ्रांस में छुट्टियां मना रहे हैं और वायरल तस्वीरें चर्चा का विषय बन गई हैं।



## भूमि हुईं भगवान शिव की आराधना में लीन

**मुंबई।** सावन का महीना शुरू हो गया है और बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। दरअसल, गुरुवार के दिन उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो और कुछ फोटोज पोस्ट की हैं, जिसमें वे शिवलिंग पर जल अर्पित करती दिख रही हैं। हालांकि, उनके लुक ने लोगों को खफा कर दिया और वे अब उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। सामने आए वीडियो में भूमि पेडनेकर ब्लैक टॉप और ब्लू डेनिम जीन्स पहनकर पूजा करती नजर आ रही हैं। हालांकि, लोगों को इससे कोई समस्या नहीं है। वे कह रहे हैं कि शिवलिंग पर जल चढ़ाते वक्त भूमि ने काला चश्मा क्यों पहना है। उन्हें लग रहा है कि भूमि पूजा करने नहीं बल्कि फोटोशूट कराने गई हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में अपनी नाराजगी जाहिर की।



## तेरा साईं का पोस्टर रिलीज संजय निभाएंगे लीड रोल

**मुंबई।** संजय मिश्रा पर्दे पर साईं बाबा की भूमिका में नजर आएंगे। वे फिल्म 'तेरा साईं' में यह रोल करने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन पलाश मुछाल करेंगे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें संजय मिश्रा को साईं बाबा के रूप में देखा जा सकता है। पलाश मुछाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का पोस्टर साझा किया ह साथ उन्होंने लिखा है, 'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः' ॥ बता दें कि संजय मिश्रा के अलावा इस फिल्म में सयाजी शिंदे, मनोज जोशी, ओंकारदास मानिकपुरी, अविकागोर और रोहन मेहरा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'तेरा साईं' हिंदी, मराठी, तेलगु और तमिल भाषाओं में रिलीज की जाएगी।





## स्पाइडर मैन-ब्रांड न्यू डे में चला टॉम का जादू

**मुंबई।** मार्वल स्टूडियो की 'स्पाइडर मैन' फ्रैंचाइजी की फिल्मों की दुनिया भर में अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। गुरुवार को सिनेमाघरों में स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे' रिलीज हुई। अब सोशल मीडिया पर फैंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक फैन ने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर फिल्म देखने के बाद कमेंट लिखा, 'कई आलोचकों का कहना है कि 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे', 'स्पाइडर-मैन 2' के बाद आई सबसे बेहतरीन स्पाइडर-मैन फिल्म है।'इसी तरह एक फैन ने कमेंट में लिखा, 'यह फिल्म मेरी पसंदीदा स्पाइडर-मैन फिल्म है। यह सच में जबरदस्त है। यह बहुत शनदार दिखती है। इसकी कहानी बहुत बढ़िया है। सभी की परफॉर्मेंस बेहतरीन है। मैं पूरी फिल्म के दौरान मुस्कुराता रहा।

टीवी मसाला






## अलायंस के सेट पर पहुंचे सलमान, सोहेल से की बातचीत

**नई दिल्ली।** सलमान खान हाल ही में रियलिटी शो 'अलायंस' के सेट पर एक खास मेहमान के तौर पर पहुंचे। बॉलीवुड सुपरस्टार अपने छोटे भाई सोहेल खान से मिलने आए थे। सोहेल खान इस कॉम्पिटिशन में वाइल्ड-कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर शामिल हुए थे। सलमान शो में सोहेल का हौसला बढ़ाने और फिनाले के करीब आने पर उन्हें गाइड करने के लिए आए। 'अलायंस' के सेट पर पहुंचे सलमान खान पैपराजी का अभिवादन किया। उन्होंने कैजुअल डेनिम आउटफिट में तस्वीरें खिंचवाईं, जिसके साथ उन्होंने काउबॉय हैट पहनी थी। खबरों के मुताबिक, सलमान ने सेट पर सोहेल के साथ बातचीत करते हुए लगभग एक घंटा बिताया। इस दौरान, उन्होंने अपने भाई को गेमप्ले बेहतर बनाने के लिए टिप्स और गाइडेंस दी, क्योंकि कॉम्पिटिशन अब अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। सोहेल की एक्स-वाइफ सीमा सजदेह भी 'अलायंस' में वाइल्ड-कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर शामिल हुई थीं, लेकिन हाल ही में शो से एलिमिनेट हो गईं। शो से बाहर होने से पहले, उन्होंने साथी कंटेस्टेंट कुशल टंडन से उन्हें बाहर करने का अनुरोध किया था।

### कातिल अदाओं से कहर ढाती हैं 'बबीता जी'



**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा ने 18 साल पूरे कर लिए है। शो सालों से फैंस को एंटरटेन कर रहा है। शो की स्टारकास्ट को भी काफी पसंद किया जाता है। हर कैरेक्टर की अपनी एक अलग पहचान बन गई है। एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता को भी बहुत पसंद किया जाता है। वो शो में बबीता जी के रोल में हैं। मुनमुन शो में एक मॉडर्न और फैशनेबल महिला के रोल में हैं। जो अपनी फिटनेस का बहुत ख्याल रखती है। मुनमुन दत्ता इन 18 सालों में काफी बदल गई हैं। शो में जब मुनमुन आई थीं तो तब से अब तक मुनमुन का लुक बदल गया है। हालांकि, उनका फैशन गेम आज भी ऑन प्वॉइंट रहता है।

## रावण बनकर छाए यश, साई-रवि की मिली पहली झलक

**मुंबई।** फिल्म 'रामायण' के ट्रेलर में यश को रावण के रूप में देखने के लिए फैंस काफी वक्त से इंतजार कर रहे थे। मेकर्स ने इस मौके को बखूबी भुनाया और आखिरकार 30 जुलाई की तड़के सुबह 'रामायण' का ट्रेलर लॉन्च कर दिया। लगभग चार मिनट के इस ट्रेलर में यश, रणबीर कपूर, साई पल्लवी, रवि दुबे, अरुण गोविल, लारा दत्ता, रकुल प्रीत सिंह और विवेक ओबेरॉय समेत अधिकतर कलाकार नजर आए। मेकर्स ने एक धमाकेदार इंट्रो के साथ साउथ सुपरस्टार यश को रावण के किरदार में पेश किया है। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया कि रावण तीनों लोकों का स्वामी बन चुका है। इस किरदार में यश भारी-भरकम, जटाधारी लुक में बड़ी-बड़ी सेनाओं से अकेले ही युद्ध करते दिखे। अब रावण का अहंकार मिटाने और पृथ्वी पर बढ़ते पाप का बोझ कम करने के लिए भगवान विष्णु, श्रीराम के रूप में जन्म लेने वाले हैं। यश के इंट्रो के बाद बारी आती है रणबीर के इंट्रो की।



राम के रूप में रणबीर कपूर का लुक तो पहले ही रिलीज हो चुका था पर इस ट्रेलर में उनका किरदार और बेहतर निखर कर सामने आया है। आमतौर पर जल्दी-जल्दी डायलॉग बोलने वाले रणबीर, राम के किरदार में ढलते ही शांत हो गए। फिल्म के उन्हें युवा अवस्था में भी दिखाया है और हर रूप में उनको बढ़े ही सलीके से पेश किया गया। ट्रेलर में पहली बार सीता माता के रोल में साई पल्लवी और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे की झलक मिली है।

सिंगर ने फिर गाया ऐसा गाना, रच दिया इतिहास

## किशोर कुमार के इस गाने को सुन डायरेक्टर छोड़ गए स्टूडियो

*किशोर कुमार उन सिंगर्स में से थे जिनकी आवाज को हर संगीतकार और एक्टर अपने गाने में चाहते थे। कई स्टार्स तो किशोर कुमार के लिए डायरेक्टर से लड़ तक जाते थे। अब हम आपको बताते हैं एक किस्से के बारे में जब राजेश खन्ना, डायरेक्टर से लड़ गए थे किशोर कुमार के लिए, लेकिन वही डायरेक्टर तब रिकॉर्डिंग स्टूडियो छोड़कर चले गए जब किशोर ने गाना गाया।*

**नई दिल्ली।** दरअसल, हुआ ये कि राजेश खन्ना की ज्यादातर फिल्मों में किशोर उनके लिए गाना जाते थे या ये कहें कि वह उनकी ही आवाज बन गए थे। डायरेक्टर शक्ति सामंत फिल्म बना रहे थे महबूबा और इसका एक गाना था मेरे नैना सावन भादौं। शक्ति इस गाने के लिए मोहम्मद रफी को चाहते थे, लेकिन राजेश खन्ना ने साफ कह दिया कि ये गाना किशोर कुमार ही गाएंगे। वह बोले कि किशोर दा ने अगर ये गाना नहीं गाया तो वह फिल्म नहीं करेंगे। किशोर दा को जब इस बारे में पता चला तो उन्होंने कहा कि पहले लता मंगेशकर को ये गाना रिकॉर्ड करने दीजिए फिर वह उसे सुनकर गाएंगे क्योंकि ये गीत राग शिवरंजनी पर आधारित था। लेकिन, रिकॉर्डिंग के दिन कुछ ऐसा हुआ जो किसी ने सोचा भी नहीं होगा। किशोर दा के सुर बार-बार बिगड़ रहे थे। ये देखकर डायरेक्टर शक्ति स्टूडियो से बाहर हो गए। वहीं, राजेश खन्ना परेशान हो गए कि क्या ये गाना कभी पूरा हो पाएगा।



### महबूबा फिल्म का था गाना

हालांकि, फिर कुछ देर बाद किशोर दा ने माइक संभाला और उनका जो वर्जन रिकॉर्ड हुआ और उसने इस गाने को अमर बना दिया। गाने की बात करें तो इसका म्यूजिक आर डी बर्मन ने किया था। लिरिक्स आनंद बक्षी ने लिखे हैं। वहीं फिल्म थी महबूबा जो 1976 में आई थी। इस फिल्म में राजेश खन्ना, हेमा मालिनी, प्रेम चोपड़ा, आशा सचदेव, असरानी। किशोर कुमार के बारे में बता दें कि वह हिंदी के अलावा बंगाली, मराठी, गुजराती, कन्नड़ और भोजपुरी भाषा में भी गा चुके हैं।

## रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' अपने 15वें सीजन के साथ आ रहा वापस

# इस वीकएंड ओटीटी पर मिलेगा एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज

*सिनेमाघरों में 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' सज गई है। नीम करौली बाबा के जीवन पर बनी 'हनुमान अंश' भी 31 जुलाई को रिलीज होगी। दिलचस्प बात है कि थिएटर्स के साथ-साथ ओटीटी पर भी खूब रंग जमने वाला है। कई नए शो शुरू हो रहे हैं, तो फिल्में और सीरीज के भी विकल्प हैं। कुल मिलाकर दर्शकों को एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलेगा।*

**नई दिल्ली।** यह मलयालम ड्रामा फिल्म है, 19 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इसी वीक इसने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक दी है। 'चिन्ना चिन्ना आसाई' 28 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होनी शुरू हुई। वर्षा वासुदेवन द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म वाराणसी में दो अजनबी और अकेले लोगों के बीच एक दिन की दोस्ती पर आधारित है।

### द डेविल्स माउथ

अगर आपको एक्शन थ्रिलर फिल्में पसंद हैं, तो इस वीकएंड आप इसे देख सकते हैं। फिल्म 'द डेविल्स माउथ' बुधवार 29 जुलाई 2026 को ओटीटी पर रिलीज हुई। इस फिल्म को थिएटर्स में नहीं, बल्कि सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया गया है। जेफ वाडलो निर्देशित फिल्म में कैथरीन न्यूटन, लाना कोंडोर और गैविन कैसालेग्नो हैं। यह प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### हार्ट बीट सीजन 3

चर्चित तमिल मेडिकल ड्रामा वेब सीरीज का तीसरा पार्ट भी इस वीकएंड देखा जा सकता है। 'हार्ट बीट सीजन 3' सीरीज 30 जुलाई 2026 को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होनी शुरू हुई है। सीरीज के इस सीजन में रीना 'रीना 2.0' के रूप में नजर आएगी। यह सीजन रीना की जिंदगी और उसके एएम हॉस्पिटल में जाने की कहानी पर आधारित है। इसमें नए इंटर्न, रोमांस और अस्पताल की राजनीति को दिखाया जाएगा।

### द डेविल वियर्स प्राडा 2

यह अमेरिकी कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब ओटीटी पर भी आ चुकी है। डेविड फ्रैंकल निर्देशित यह फिल्म 29 जुलाई को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई। इसमें एनी हैथवे, मेरिल स्ट्रीप, स्टेनली टोक्सी और सिमोन ऐश्ली जैसे सितारे हैं।

### 'द लीजेंड ऑफ कर्ण'

वीकएंड पर इस सीरीज का लुत्फ आप बच्चों के साथ उठा सकते हैं। यह महाभारत के योद्धा कर्ण के जीवन पर बनी एक एनिमेटेड वेब सीरीज है। यह सीरीज 31 जुलाई को दस्तक देगी। 'द लीजेंड ऑफ कर्ण' को रद देवराजन और जीवन जे कांग ने बनाया है। इस सीरीज में महाभारत के वीर योद्धा कर्ण के जन्म, संघर्ष और महान धनुर्धर बनने की गाथा दिखाई जाएगी।

### भोजपुरी बवाल'

इस वीक ओटीटी पर बवाल होने जा रहा है। दरअसल, शो 'भोजपुरी बवाल' शुरू हो रहा है। यह नया भोजपुरी रियलिटी एंटरटेनमेंट शो है, जिसमें पवन सिंह, दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे मुख्य कलाकार हैं। शो 02 अगस्त 2026 से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।

### खतरों के खिलाड़ी सीजन 15

रोहित शेट्टी का चर्चित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' अपने 15वें सीजन के साथ वापस आ रहा है। रोहित शेट्टी बतौर होस्ट कमान संभालेंगे। इस बार गौरव खन्ना, रुबीना दिलैक, जैस्मीन भसीन, करण वाही, ओरी, फरहाना भट्ट समेत कई चर्चित सेलेब्स इसमें हिस्सा ले रहे हैं।